दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 07 अंक : 200 | चूरू, सोमवार 09 दिसम्बर, 2024 | RNI.No.RAJHIN/2018/76199 | मूल्य : 1.5 रुपए | पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org | twitter.com/JaipurTimes2 | facebook.com/dainikjaipurtimes | youtube.com/c/JaipurTimes | instagram.com/jaipurtimesjt


मेहमानों के सत्कार के लिए उत्सुक हैं भजनलाल सरकार

# राजस्थान का 'नवोदय' आज, ग्लोब पर छाएगा ग्लोबल समिट



## 32 देश लेंगे भाग

## पीएम करेंगें शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शहर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आज से 32 देशों के उद्योगपतियों का तीन दिवसीय 'महाकुंभ' शुरू होगा। राजस्थान के विकास के लिए सूबे की भजनलाल सरकार की ओर से आयोजित किए जा रहे 'राइजिंग राजस्थान'-ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के लिए यहां 32 देशों के उद्योगपति आएंगे। इनमें 17 देश 'पार्टनर कंट्री' होंगे। भजनलाल सरकार के इस मेगा इवेंट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। राइजिंग राजस्थान के लिए अब तक 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के लिए एमओयू किए जा चुके हैं। बता दें कि राइजिंग राजस्थान के लिए जयपुर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। पीएम नरेन्द्र मोदी समारोह में सुबह 9 बजे उद्घाटन भाषण देंगे। इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन जयपुर के सीतापुरा में स्थित एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में होगा। समारोह में 5000 से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे। इनमें कारोबार और व्यापार जगत के दिग्गजों समेत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, निवेशक, प्रतिनिधि और अन्य प्रतिभागी भाग लेंगे। बड़े उद्योगपतियों में कुमार मंगलम बिड़ला, अनिल अग्रवाल, गौतम अडानी, आनंद महिंद्रा, संजीव पुरी और अजय एस. श्रीराम समेत जापान के राजदूत केइची ओएनओ शामिल हैं।

### पीएम मोदी 'राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो' का भी करेंगे उद्घाटन

समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर है। सीएम भजनलाल शर्मा खुद एक-एक चीज को बारिकी से देख रहे हैं। समारोह में पीएम मोदी 'राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो' का भी उद्घाटन करेंगे। समारोह की शुरुआत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत भाषण से होगी। उसमें वे राज्य के विकास के लिए किए जा रहे कार्यो, राज्य सरकार के एजेंडे और अगले 5 बरसों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करके 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के बारे में चर्चा कर सकते हैं।

### समिट में ये देश होंगे शामिल

इस तीन दिवसीय इंवेस्टमेंट समिट के दौरान प्रतिभागी देशों और राजस्थान के बीच सहयोग तथा साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए कुल 8 देशों के लिए कंट्री सेशन्स और राउंड टेबल का आयोजन किया जा रहा है। समिट में डेनमार्क, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, मलेशिया, स्पेन, क्यूबा, ब्राजील, कोस्टा रिका, वेनेजुएला, मोरक्को, अर्जेंटीना, नेपाल, ओमान, पोलैंड और थाईलैंड शामिल हैं। अन्य देश जो विभिन्न क्षमताओं में इस इन्वेस्टमेंट समिट में भाग ले रहे हैं उनमें अमेरिका, यूके, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मिस्र, फिनलैंड, घाना, इराक, रूस, सेशेल्स, चाड, इक्वाडोर, मेडागास्कर, पैराग्वे और जिम्बाब्वे शामिल हैं।

न्यूज इनबॉक्स

## सीरिया में लड़ाई खत्म, बशर अल असद देश छोड़कर भागे !

जयपुर टाइम्स

**दमिश्क(एजेंसी)।** सीरिया में बशर अल असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत होने का दावा किया जा रहा है। विद्रोहियों ने सीरिया पर कब्जा कर लिया है और राष्ट्रपति बशर के परिवार समेत देश छोड़कर भागने की खबरे हैं। विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क समेत प्रमुख शहरों पर कब्जा कर लिया है। सीरिया बीते 13 वर्षों से गृह युद्ध में फंसा हुआ था और अब बशर सरकार के पतन के बाद इसका गृह युद्ध समाप्त होने की बजाय और बढ़ने की आशंका है। सीरिया में हुए इस सत्ता परिवर्तन का इस्राइल पर भी गहरा असर होगा और इस्राइल की सरकार भी इस खतरे से वाकिफ है। सीरिया में साल 2016 के बाद गृह युद्ध धीमा पड़ गया था, लेकिन बीते हफ्ते प्रमुख विद्रोही संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने अन्य



विद्रोही गुटों के साथ मिलकर अलप्पो, इदलिब और होम्स शहरों पर तेज हमले शुरू कर दिए और आखिरकार इन पर कब्जा कर लिया। अब विद्रोही गुटों ने राजधानी दमिश्क पर भी कब्जा कर लिया है और सीरिया की सेना के शीर्ष अधिकारियों ने भी संकेत दिए हैं कि सीरिया से बशर अल असद सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया है।

कट्टरपंथी समूह हयात तहरीर अल-शाम ने पिछले हफ्ते सीरिया में अचानक और सफल आक्रमण करके चौंका दिया। हयात तहरीर अल-शाम या एचटीएस लंबे समय से देश का सबसे मजबूत विद्रोही गुट माना जाता रहा है। इन विद्रोहियों ने 26 नवंबर को अचानक अलप्पो के उत्तर और उत्तर-पश्चिम के इलाकों से हमला किया। वहीं 29-30 नवंबर को वे शहर में घुस आए और सेना को वहां से खदेड़ दिया। एचटीएस के हजारों लड़ाकों ने अलप्पो के बाद कई अन्य प्रमुख शहरों पर कब्जा कर लिया। साल 2011 में असद सरकार के खिलाफ अरब स्प्रिंग विद्रोह से शुरू हुए इस गृह युद्ध में करीब पांच लाख लोगों की मौत हो चुकी है। गृह युद्ध से 2.3 करोड़ की आबादी वाले देश से करीब 68 लाख लोगों को अपने घरों से मजबूर बेघर होना पड़ा है और लाखों लोग विदेशों में शरणार्थी बन गए हैं।

सीरिया सरकार को रूस के साथ ही ईरान और हिजबुल्ला का भी समर्थन था, जिसकी वजह से बशर सरकार का सीरिया पर मजबूत कब्जा था, लेकिन अब इस्राइल के साथ लड़ाई में हिजबुल्ला को बड़ा झटका लगा है। वहीं साल 2016 में बशर सरकार की मदद के लिए अपने लड़ाकू विमानों को सीरिया में तैनात करने वाला रूस भी यूक्रेन युद्ध में फंसा हुआ है। ईरान भी इस्राइल के साथ तनाव में उलझा हुआ है, जिससे बशर सरकार कमजोर हुई और इस मौके का फायदा उठाकर विद्रोहियों ने सीरिया में हमले तेज कर दिए। बशर अल असद ने भी बीते दिनों अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों पर विद्रोहियों को समर्थन देने का आरोप लगाया था।



## उत्तर भारत में बारिश की संभावना

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)** पश्चिमी हिमालयी राज्यों में पानी को जमा देने वाली ठंड की शुरुआत हो गई है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में कई जगहों पर पारा शून्य से नीचे तक गिर गया है। ऊंची चोटियों पर झरने जम गए हैं। रेगिस्तानी राज्य राजस्थान में भी पारा पांच डिग्री तक दर्ज किया गया है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही यह भी बताया कि सोमवार से उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर की भी शुरुआत हो जाएगी।

### पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने बताया कि मध्य पाकिस्तान और उसके आसपास के इलाकों में एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण रविवार से अगले दो दिनों तक पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में हल्की की संभावना है।

उत्तर भारत और दिल्ली-एनसीआर में मौसम के बारे में आईएमडी के वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा कि 9 दिसंबर के बाद दिल्ली- एनसीआर में तापमान में कमी आएगी।

## सीमा सुरक्षा के लिए बनेगी एंटी-ड्रोन यूनिट: अमित शाह

जोधपुर में बीएसएफ के स्थापना दिवस में की शिरकत

जयपुर टाइम्स

जोधपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि भारत जल्द ही सीमाओं की सुरक्षा के लिए एक व्यापक एंटी-ड्रोन यूनिट का गठन करेगा। शाह ने कहा कि मानव रहित हवाई वाहनों (ड्रोन) का खतरा गंभीर होता जा रहा है और इसे रोकने के लिए देश एक



समग्र रणनीति अपना रहा है।गृह मंत्री ने यह बयान जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60 वें स्थापना दिवस समारोह में दिया। यह समारोह भारत-पाकिस्तान सीमा से लगभग 300 किलोमीटर दूर आयोजित किया गया। शाह ने कहा कि ड्रोन के खतरे से निपटने के लिए ÷लेजर से लैस एंटी-ड्रोन गन-माउंटेड÷ तंत्र के शुरुआती परिणाम सकारात्मक रहे हैं। इससे पंजाब में भारत- पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन की पहचान और निष्प्रभावी करने के मामलों में वृद्धि हुई है, जो 3त्न से बढ़कर 55त्न तक पहुंच गई है। शाह ने बताया कि इस साल अब तक पाकिस्तान सीमा से 260 से अधिक ड्रोन पकड़े या गिराए गए हैं, जबकि 2023 में यह संख्या लगभग 110 थी। इनमें से अधिकतर ड्रोन पंजाब में पकड़े गए, जो हथियार और ड्रग्स लेकर आए थे।

### एंटी-ड्रोन तकनीक पर जोर

उन्होंने कहा कि ड्रोन का खतरा और गंभीर होने वाला है। इसे रोकने के लिए रक्षा अनुसंधान संगठनों और डीआरडीओ के साथ मिलकर समग्र सरकारी दृष्टिकोण के तहत काम किया जा रहा है। देश में जल्द ही एक व्यापक एंटी-ड्रोन यूनिट बनाई जाएगी।

### सीमा सुरक्षा पर विशेष ध्यान

गृह मंत्री ने कहा कि भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए विस्तृत एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (CIBMS) का काम प्रगति पर है। असम के धुबरी में नदीय सीमा पर इसकी तैनाती के अच्छे परिणाम मिले हैं, हालांकि इसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमाओं की आबादी को विकसित करने और मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को देश के सभी सीमावर्ती गांवों के लिए लागू किया जाएगा।



## कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने होनर रन का किया शुभारंभ

भारतीय सेना के शौर्य को किया सलाम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार जयपुर के प्रतिष्ठित अलबर्ट हॉल में आयोजित होनर रन का शुभारंभ किया। यह दौड़ भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को समर्पित थी, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन वीर जवानों को सम्मान देना था, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कर्नल राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय सेना देश की शक्ति और गौरव का प्रतीक है। हमारे वीर सैनिक देशवासियों के लिए एक प्रेरणा हैं, और हमें उनके अदम्य साहस का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण ने भारतीय सेना को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। आधुनिक उपकरणों, रणनीतिक सुधारों और सशक्त नेतृत्व ने भारतीय सेना को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाया है। इस दौड़ में युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया। दौड़ का उत्साह और देशभक्ति का माहौल जयपुर के गलियारों में झलक रहा था। होनर रन के माध्यम से कर्नल राठौड़ ने युवाओं को सेना के प्रति जागरूक और प्रेरित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि सेना के योगदान को न सिर्फ समझें, बल्कि उसके सम्मान में हिस्सा लें। यह आयोजन भारतीय सेना के गौरव को सलाम करते हुए एकजुटता और देशभक्ति का संदेश दे गया।

## प्रियंका गांधी ने रणथंभोर में की टाइगर सफारी

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा इन दिनों तीन दिवसीय निजी दौरे पर रणथंभौर में हैं। उन्होंने रणथंभौर नेशनल पार्क में टाइगर सफारी का आनंद लिया। इस दौरान जोन नंबर तीन में बाघिन रिद्धि और उसकी बेटी माही अठखेलियां करती नजर आई।

टाइगर सफारी के दौरान प्रियंका गांधी और बाघिन रिद्धि व माही के बीच करीब दो से तीन घंटे तक लुकाछिपी चलती रही। प्रियंका और दूसरे पर्यटकों ने बाघिन रिद्धि और माही की शिकारी हरकतों का भी लुत्फ उठाया। माही ने जहां चीतल के शिकार की कोशिश की वहीं रिद्धि ने सांभर का पीछा करते हुए उसे पकड़ने की कोशिश की जिसमें उसे सफलता नहीं मिल पाई। प्रियंका के बेटे रेहान वाड्रा ने शनिवार सुबह भी अपने दोस्तों के साथ सफारी की थी, लेकिन उन्हें कोई टाइगर नहीं दिखा था।



## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बंगाल में प्रदर्शन

एजेंसी

**कोलकाता(एजेंसी)।।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। कोलकाता, कांथी, काकद्वीप, संदेशकाली और पुरुलिया में हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से आयोजित रैलियों में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इन प्रदर्शनों में लोगों ने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की भी मांग की। कोलकाता के सॉल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस के पास प्रदर्शन में लोगों ने बांग्लादेश की जमदानी साड़ियों को जलाया। उन्होंने बांग्लादेश के सामान का बहिष्कार करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे, तो भारत के लोग चुप नहीं बैठेंगे।

### बांग्लादेशी उत्पादों के बहिष्कार की अपील

एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने और भारत विरोधी नफरत फैलाने वाले बयानों की कड़ी निंदा करते हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे।

सुखद ख़बर

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है, इसके साथ ही लगातार आठ हफ्ते की गिरावट पर लगाम भी लग गई है, जो कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार 1.510 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 658.091 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जैसा कि इस सप्ताह की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चला।

### सबसे उचे स्तर को छूने बाद शुरू हुई थी गिरावट

सितंबर में 704.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद से भंडार में गिरावट आ रही थी। रुपये के तेज अवमूल्यन को रोकने के उद्देश्य से आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण भंडार में गिरावट आ रही है।

पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार बफर घरेलू आर्थिक गतिविधियों को वैश्विक झटकों से बचाने में मदद करता है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 568.852 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में स्वर्ण भंडार 66.979 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।



### भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 बिलियन SD जोड़े

वहीं, अनुमान बताते हैं कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब अनुमानित आयात के लगभग एक वर्ष को कवर करने के लिए पर्याप्त है। 2023 में, भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 बिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़े, जबकि 2022 में इसमें 71 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संचयी गिरावट आई। विदेशी मुद्रा भंडार या एफएक्स भंडार, किसी देश के केंद्रीय बैंक या मौद्रिक प्राधिकरण की तरफ से रखी गई संपत्तियां हैं, जो मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर जैसी आरक्षित मुद्राओं में होती हैं, जिनका छोटा हिस्सा यूरो, जापानी येन और पाउंड स्टर्लिंग में होता है।

### भारतीय रुपया सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक

आरबीआई विदेशी मुद्रा बाजारों पर बारीकी से नजर रखता है, केवल व्यवस्थित बाजार स्थितियों को बनाए रखने और रुपये की विनिमय दर में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, बिना किसी निश्चित लक्ष्य स्तर या सीमा का पालन किए। आरबीआई अक्सर रुपये के मूल्यह्रास को रोकने के लिए डॉलर बेचने समेत तरलता का प्रबंधन करके हस्तक्षेप करता है। एक दशक पहले, भारतीय रुपया एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में से एक था। तब से, यह सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक बन गया है। आरबीआई ने रणनीतिक रूप से रुपया मजबूत होने पर डॉलर खरीदे हैं और कमजोर होने पर बेचे हैं, जिससे निवेशकों के लिए भारतीय परिसंपत्तियों का आकर्षण बढ़ा है।



## कला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर का हुआ आयोजन, माय भारत पोर्टल पर करवाया पंजीकरण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों का एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. सरोज मीणा, डॉ. महेश गोठवाल, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुभाष खटीक ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों और कार्य पद्धति के बारे में विस्तार से बताते हुये स्वंय से पहले राष्ट और समाज को वरियता देते हुए सेवा कार्य के लिए मार्गदर्शन दिया, राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की जानकारी देते हुए स्वंयसेवको को बताया कि वे राष्ट्रीय सेवा योजना में सक्रिय रूप से भाग लेकर न केवल अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते है साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी बना सकते हैं। स्वंयसेवको को माय भारत पोर्टल के बारे में बताते हुए उनका युवा के रूप में पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया साथ ही राज्य युवा महोत्सव में एवं विकसित भारत यंग लीडर क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया।

स्वंयसेवको ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई का कार्य करते हुए श्रमदान किया। स्वयंसेवको राधिका, सेजल, सोनम चौहान, आशीष, ज्योति, कोमल, मुस्कान, रामजीत, नम्रता, छवि, मोहित, शकील ने शिविर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एकल गायन और काव्य पाठ किया। स्वंयसेवकों ने हर्षोल्लास से शिविर में भाग लेते हुए सामुहिक अल्पाहार का भी आनन्द उठाया।

## आमजन से अपीलः साफ सफाई का ध्यान रखें और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाएं - आयुक्त नरुका



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर निगम की ओर से रेलवे स्टेशन के समीप स्थित फतेहजंग गुंबद के आसपास सफाई की गई। सफाई अभियान के दौरान एकत्र कचरे को भी तत्काल निगम के निस्तारण केंद्र पर भिजवाया गया।

नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया और सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि गुंबद और आसपास के क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई रखी जाए। अभियान के दौरान नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि सभी अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाएं। उन्होंने कहा कि आमजन पॉलिथीन का उपयोग नहीं करे और कपड़े के थैले का उपयोग करें।

### अलग अलग डस्टबिन रखने के दिए निर्देश

रविवार सुबह विशेष सफाई अभियान के दौरान नगर निगम आयुक्त नरूका ने रेलवे स्टेशन और फतेहजंग गुंबद के आसपास दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपने ग्राहकों को भी अलग-अलग कचरा डालने के लिए प्रेरित करें। साथ ही नगर निगम के ऑटो टिपर में भी निर्धारित पात्रों में ही गीला और सूखा कचरा डाला जाए।

## श्री अयोध्या धाम आश्रम में रामायण पाठ का समापन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पुरानी चुंगी जयपुर रोड पर स्थित श्री अयोध्याधाम आश्रम जो सनातन धर्म के संरक्षक भारतीय संस्कृति संस्कार के संपोष्क एवं सम्वाहक है। आश्रम में विगत कई वर्षो से अनवरत रूप से प्रत्येक महीने के प्रथम शनिवार को अखंड श्री रामायण पाठ आयोजन होते आ रहे हैं। इसी क्रम में आश्रम के महंत श्री गंगादास जी वेंदाती जी महाराज



के सानिध्य में दिनांक 07 दिसम्बर 2024 वार शनिवार को श्री गौरी गणेश पूजन, कलश स्थापन, अखंड ज्योति प्रज्वलित करके वेद मंत्रो के द्वारा देवताओं का पूजन पश्चात पंडित श्री कृष्ण अवतार शर्मा एवं पंकज कुमार के द्वारा श्री रामायण जी पाठ प्रारम्भ किया गया था। दिनांक 8 दिसम्बर 2024 वार रविवार को रामायण पाठ पूर्ण होने के बाद देवताओं का पूजन पश्चात आश्रम के महांत श्री श्री 108 श्री गंगादास वेदांती जी महाराज ने विधि विधान पूर्वक हवन, रामायण जी की आरती हुई व भण्डारे का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत ने बताया रामायण पाठ से आधि ब्याधी, जड़ा पीड़ा, रोग दोष, दुख दारिद्रय की निवृति तथा परमश्रेय को प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीराम शर्मा, भैरो सिंह, दीपक पंडित, कपिल शर्मा, सुभाष गुप्ता, क्षितिज माथुर, रिपूदमन सिंह, सुधीर माथुर, नवीन कुमार, भवानी शर्मा, विक्रम राठौड़, ओम प्रकाश गुप्ता, बीएम शुक्ला, राहुल शर्मा, लक्ष्मीनारायण, योगेश दानापानी, पूरण प्रकाश, आशीष गुप्ता, हनुमान, टीना शर्मा आदि उपस्थित थे।

# खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूती प्रदान करते हैं - केंद्रीय मंत्री यादव

### लालडिग्गी के पास किया मार्शल आर्ट एकेडमी का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को लाल डिग्गी के पास स्थित रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्ट एकेडमी का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि हमारे समाज में बेटियां देवी भी हैं और दुर्गा भी, उन्हें दोनों ही रूपों को बनाकर रखना चाहिए, क्योंकि वह सक्षम और ताकतवर है। उनमें आत्मरक्षा के गुण होने चाहिए। रानी लक्ष्मीबाई ने जिस तरह दुश्मनों से टक्कर ली उससे प्रेरणा लेकर देश की बेटियां आगे बढकर वह आत्मरक्षा और देश की रक्षा कर सके।

उन्होंने कहा कि जिले के खिलाडियों को खेल मंच प्रदान करने एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया विजन के तहत अलवर में सांसद खेल उत्सव की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि खेल अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूती प्रदान करते हैं तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए दो तरह के खेल क्रिकेट और एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैराथन दौड़ का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए दिव्यांग दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। फरवरी महीने में जो खेलकूद कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है वो 5 साल तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जिलेवासियों से आह्वाहन किया है कि इन खेलों में भाग लेकर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए।मंत्री यादव ने कहा कि सांसद कोष से जिले में गांव के सरकारी स्कूलों में 54 ई लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव भेजा है जिस पर काम शुरू हो गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक अच्छा वातावरण मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी पर समाज और सरकार इन्वेस्ट करती है वही देश आगे बढ़ता है, आने वाली पीढ़ी के लिए जो लोग काम करते हैं उनको प्रोत्साहित करना चाहिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, संजय नरूका, दौलतराम हजरती, अभिषेक तनेजा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## अभिभावक जागरूक रहकर बच्चों को पोलियो की खुराकर पिलाएं - जिला कलक्टर



### जिले के 2 लाख 74 हजार 881 नौनिहालों का पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की खुराक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रविवार को राजकीय सेटेलाइट हॉस्पिटल कालाकुआं में बच्चों को पोलियो की खुराकर पिलाकर जिले में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की।

जिला कलक्टर ने कहा कि अभियान के तहत जिले के 2 लाख 74 हजार 881 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों निर्देश दिये कि जिले में पोलियो की खुराक से एक भी बच्चों वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि अभियान के दौरान अपने 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्यक पिलाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन जिले में स्थापित किये गये 1820 बूथों पर बच्चों को खुराक पिलाई गई। इसके बाद अगले दो दिन टीमों द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

## खेल सप्ताह में 33 खेलों का होगा आयोजन- जैमन

### 12वां युवा खेल सप्ताह 22 दिसंबर से 5 जनवरी तक चलेगा, होंगे अलग अलग जगहों पर खेल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** युवा खेल विकास समिति एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय 12वां युवा खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्यभर से आने वाले खिलाड़ी प्रतिभागी बनेंगे। यह जानकारी रविवार को समिति के पदाधिकारियों ने आयोजित एक प्रेसवार्ता में दी। समिति के मंत्री रजनीश जैमन ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस सप्ताह में 33 खेलों का आयोजन विभिन्न खेल मैदानों पर किया जाएगा। जिसका कलैण्डर जारी किया गया है।

कलैण्डर में 22 दिसंबर को उद्घाटन समारोह प्रताप स्कूल, स्कैटिंग और स्विमिंग स्थान माउंट लिट्रा स्कूल, 23 दिसंबर सेपक टकरा सर्वोदय स्कूल राजगढ़, 24 दिसंबर आट्य- पाठ्य शिवा आदर्श सैकण्डरी स्कूल मालाखेड़ा, 25 दिसंबर जूडो ओसवाल स्कूल अलवर, कबड्डी आर्दश विघा मंदिर स्कूल राजेन्द्र नगर अलवर, फैंसिंग इंदिरा गांधी स्टेडियम अलवर, एथलेटिक्स राजर्षि महाविद्यालय, सॉ टबॉल राजर्षि महाविद्यालय, वॉलीबॉल इंदिरा गांधी



स्टेडियम, 25-26 दिसंबर जि नास्टिक इंदिरा गांधी स्टेडियम, 26-28 दिसंबर हॉकी प्रताप स्कूल अलवर में हागी। मंत्री रजनीश जैमन ने बताया कि बताया कि 27 दिसंबर बॉल - बैडमिंटन बाल विहार स्कूल अलवर, कुश्ती रामदयाल एकेडमी ढाकपुरी हल्दीना, 27-29 दिसंबर टेबल टेनिस फोर्स टेबल टेनिस एकेडमी, 28-29 दिसंबर फुटबॉल यशवंत स्कूल अलवर, 29 दिसंबर ताइक्वांडो माउंट लिट्रा स्कूल, योगा योगा बूम ,एआरजी लैट, रेलवे स्टेशन अलवर, पॉवर लिफ्टिंग आकाश जिम मालाखेड़ा, हैण्डबॉल इंदिरा गांधी स्टेडियम, बॉक्सिंग इंदिरा गांधी स्टेडियम, वेटलिफ्टिंग आकाश जिम मालाखेड़ा, रग्बी फुटबॉल हैप्पी स्कूल अलवर, 30 दिसंबर रस्सी कस्सी सर्वोदय पब्लिक स्कूल मालाखेड़ा, बुशु बाल विहार स्कूल अलवर, 31 दिसंबर बॉडीबिल्डिंग अलवर, 1-2 जनवरी बैडमिंटन शालीमार बैडमिंटन एकेडमी, 1-3 जनवरी बॉस्केटबॉल प्रताप स्कूल, गुरु हरिकिशन स्कूल, बाल भारती स्कूल अलवर, 2 जनवरी आर्चरी इंदिरा गांधी स्टेडियम, 2-3 जनवरी टेनिस क्रिकेट शालीमार क्रिकेट एकेडमी, 3 जनवरी कराटे चिनार स्कूल, 3-4 जनवरी खो-खो आर्दश विघा मंदिर स्कूल राजेन्द्र नगर अलवर में होगा।उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 4 जनवरी शतरंज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालाखेड़ा गेट अलवर, 05 जनवरी समापन समारोह का आयोजन के साथ मत्स्य गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड जिसके द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खिलाडियो के द्वारा देश नाम रोशन किया हो ऐसे खिलाड़ी तैयार करने वाले एक कोच को 5100 कि राशि एवं सम्मान जन सामग्री के साथ सम्मान किया जाएगा। जैमन ने बताया कि मत्स्य खेल रत्न अवार्ड जिसमें ऐसे दो खिलाड़ी जिनके द्वारा देश विदेश में भारत का नाम रोशन किया हो ऐसे खिलाड़ी को 1100 कि राशि एवं स मान जन सामग्री से सम्मानित एवं मत्स्य खेल अवार्ड जिसमें 51 खिलाड़ियों जिन्होंने राज्य का नाम पूरे देश में किया हो उन खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक ऑफिशियल निर्णायक के रूप में रहेंगे। इस प्रतियोगिता के द्वारा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास को बढ़ाया जाता है जिससे खिलाडयि़ों का विकास हो सके।जैमन ने बताया कि इस प्रतियोगिता का पंजीयन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शुरू हो गए हैं जिसके पंजीयन कि अंतिम तिथि 20 दिसंबर रखी गई है। फार्म जमा एवं प्राप्त करने का स्थान भाया स्पोर्ट्स ज्योति राव सर्किल अलवर, के.एस. फिटनेस खदाना मौहल्ला अलवर, जानकी प्रसाद रामगोपाल 37 होप सर्कस अलवर, पूरण मैडिकल लाल डिग्गी अलवर रखा गया है। प्रेसवार्ता के दौरान युवा खेल विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, क्रीडा भारती अध्यक्ष अरुण जोशी, कोषाध्यक्ष यश सोमवंशी, सदस्य रेखा, संजय चौधरी, लोचन यादव, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति यों को भी सामान्य नागरिकों की भांति संपत्ति में बराबर का अधिकार है- मुस्तफा खान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश (जिला जज) हरेंद्र सिंह के आदेश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के आदेश पर रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह विवेकानंद नगर अलवर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के पी एल वी मुस्तफा खान के द्वारा बताया गया कि तुलसा देवी और उनके पति खूबाराम अपने पुत्र की ज्यादती के कारण मुख्यमंत्री पुनर्वास ग्रह में रहने को मजबूर हैं दोनों पति ड्पत्नी ने बताया कि उनके पुत्र एवं पुत्रवधु ने गांव की संपत्ति को बेचकर धोखा देकर हमें धक्के खाने के लिए सड़कों पर छोड़ दिया दंपति का पुत्र हेमंत कुमार एवं पत्नी नेहा मुरलीपुरा भवानी नगर जयपुर में रह रहे हैं। मुस्तफा खान ने बताया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को भी सामान्य नागरिकों की भांति संपत्ति में बराबर का अधिकार है। माता पिता का भरण पोषण कल्याण अधिनियम 2007 के तहत यदि माता पिता अपनी आय अथवा संपत्ति से स्वयं अपना भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हैं तो ऐसे अशक्त माता पिता अपने वारिसान से भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकार रखते हैं।

उन्होंने बताया कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 125 से 128 में ऐसे माता पिता जो स्वयं अपना भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हैं और उनके वारिसान भरण पोषण करने में लापरवाही अथवा मनाही करते हैं तो उन्हें भरण पोषण के लिए दावा करने का भी अधिकार दिया गया है न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है उसके लिए कैद और जुर्माना भी लगाया जा सकता है यदि माता के साथ घरेलू हिंसा की जाती है तो महिलाएं घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत अपने पुत्र के विरुद्ध याचिका दायर कर कर सकती है।

इसके अतिरिक्त पी एल वी मुस्तफा खान ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा सभी नागरिकों की सुविधा एवं सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया है। एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा 9928900900 टोल फ्री नंबर जारी किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह के केयर टेकर विक्रम एवं गृह में निवासरत मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### रोहित गोदारा के नाम से फिरौती मांगने का मामला

# व्यापारियों से करोड़ों रुपए की फिरौती के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

- डीडवाना-कुचामन पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी,
- 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार
- वाटसअप कॉल व ऑडियो के जरिए मिली थी धमकियां
- पांच व्यापारियों से मांगी गई थी फिरौती की रकम
- गोदारा को व्यापारियों को नंबर उपलब्ध कराने वाला आरोपी सहित 4 जनें गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)।** कुचामन पुलिस ने रोहित गोदारा व विरेंद्र चारण के नाम से व्यापारियों को धमकी देकर फिरोती मांगने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने गोदारा को व्यापारियों के नंबर उपलब्ध कराये थे। इस मामले में रोहित गोदारा व विरेन्द्र सिंह चारण के नाम से व्हाट्सएप कॉल कर वॉयस रिकार्डिंग के माध्यम से धमकियां दी गई। मामले में सफीक खान व उसकी फरारी में सहयोग करने वाले फहीम खान, सोयब खान, सरफराज खान को सुरत से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस वे संगठित अपराधों की रोकथाम हेतु कुचामन पुलिस की प्रभावी कार्रवाई। डीडवाना एसपी हनुमान प्रसाद के निर्देश पर डीएसपी अरविन्द विश्नोई व एसएचओ जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुये कस्बा में व्यापारियों को धमकी देकर करोड़ो रूपयों की फिरोती की मांग करने के प्रकरण में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसव 27 नवंबर को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा व विरेन्द्र सिंह चारण के नाम से कुचामन सिटी में अलग-अलग व्यापारियों को व्हाट्सएप कॉल व वॉयस रिकॉर्डिंग भेजकर, गैंग का सहयोग करने तथा सहयोग के रूप में करोड़ो रूपये की फिराती की मांग की। फिरोती नहीं देने पर स्वयं व परिवार के अन्य सदस्यों को जान से मारने की धमकियां देकर कस्बा कुचामन में दहशत फैलाई है। मामले में तीन व्यापारियों ने मामले दर्ज कराए जिस पर जांच शुरू की गई।

### रोहित गोदारा तक पहुंचाई व्यापारियों की जानकारी-

प्रकरण की गंभीरता देखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक ने स्वयं केस की मॉनिटरिंग करते हुये अलग-अलग विशेष अनुसंधान दलों का गठन करवाया।

गठित टीमों द्वारा आसूचना व तकनीकी संसाधनों से संदिग्ध लोगों को चिन्हित किया गया तो पाया गया कि सफीक खान निवासी कुचामन की गतिविधियां संदिग्ध है। पुलिस दल द्वारा सफीक खान के घर अनुसंधान के लिये गई तो सफीक खान अपने घर से फहीम खान, सोयब खान व सरफराज खान के साथ फरार हो गया। टीम द्वारा जानकारी करने पर सामने आया कि सफीक खान अपने सहयोगियों के साथ कार से मुम्बई की तरफ गया है। उपरोक्त सूचना पर सफीक खान व उसके सहयोगियों की तलाश हेतु एक विशेष दल को गुजरात-मुम्बई की तरफ रवाना किया।

दिनांक 04.12.2024 को गुजरात पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर संदिग्ध सफीक खान व उसके तीनों साथियों को वाहन सहित दस्तयाब कर चारो आरोपियों को कुचामन लेकर आये। सफीक खान ने अनुसंधान व पूछताछ में बताया कि विरेन्द्र चारण के माध्यम से मेरा संपर्क रोहित गोदारा से हुआ। मैनें विरेन्द्र चारण व रोहित गोदरा को कस्बा कुचामन सिटी के प्रतिष्ठित व्यापारियों के नंबर उपलब्ध करवाये थे। मैनें बताया कि आप लोग अगर डरा-धमका कर भय का माहोल पैदा कर इन व्यापारियों से करोडो रूपये के फिरोती की मांग करोगे तो ये आसानी से यह रकम दे देगें। इस प्रकार सफीक खान द्वारा लॉरेंस गैंग के सक्रीय सदस्य रोहित गोदारा व विरेन्द्र चारण से सम्पर्क कर कुचामन सिटी में संगठित अपराध करने के उदेश्य से कुचामन सिटी के व्यापारियों को जान से मारने की धमकियों से डरा-धमका कर व्हाट्सप कॉल व वायेंस मैसेज कर करोड़ो रूपयो की फिरौती के रूप में मांगे।

### एक आरोपी रह चुका है हिस्ट्रीशीटर-

रोहित गोदारा से संपर्क रखने वाला सफीक खान पुलिस थाना कुचामन सिटी का हिस्ट्रीशीटर रह चुका है। इसके पूर्व में भी गंभीर प्रवृती के प्रकरण दर्ज है। सफीक खान पूर्व में जुआ सट्टा चलाने का काम भी करता था।

आरोपियों को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया जाएगा। घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों के संबंध में उक्त आरोपी गणों से गहनता से अनुसंधान किया जावेगा। अनुसंधान अभी जारी है।

### पहले था आनंदपाल गैंग में

पूर्व में सफीक खान कुचामन में बुकी चलाने का काम करता था। तब यह आनंदपाल सिंह की गैंग के संपर्क में आया और एपी गैंग के लिये फिरोती वसूल करने का कार्य करने फिरोती के बदले में इसे मोटा कमीशन प्राप्त होता था। अब रोहित गोदारा तथा विरेन्द्र चारण के को धमकी भरे वॉयस रिकार्डिंग मंगवाकर व्यापारियों को धमकवाया है।

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का लाईव टेलीकास्ट सोमवार को

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2024 के उद्घाटन समारोह का लाईव टेलीकास्ट सोमवार प्रातः 09 बजे से जिला स्तर पर किया जायेगा। जिला उद्योग केंद्र और वाणिज्यिक केंद्र के महाप्रबंधक सुरजीत सिंह खोरिया ने बताया कि यह लाईव टेलीकास्ट पंचायत समिति नीमराना के सभागार में आयोजित होगा।

प्रधानमंत्री करेंगे समिट का उद्घाटन जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी (जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर) में आयोजित होने वाली इस समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस अवसर पर देश-विदेश से उद्योगपति, निवेशक और अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट राज्य सरकार की एक प्रमुख पहल है। जिसका उद्देश्य प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है। समिट के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिये समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है।

जिला स्तर पर विशेष आयोजन नीमराना में आयोजित इस लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से स्थानीय व्यापारी और उद्योग जगत से जुड़े लोग समिट की प्रमुख जानकारियों से रूबरू हो सकेंगे। जिला प्रशासन ने लोगों से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की है। यह समिट राजस्थान को औद्योगिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता कार्यालय कोटपूतली में रविवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 180 विद्युत उपभोक्ताओं को इस योजना से होने वाले लाभ की जानकारी दी



गई। वहीं 61 विद्युत उपभोक्ताओं का योजना के तहत मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया गया। इस दौरान एईएन दीपक मिश्रा, जेईएन सचिन भाटी, राजस्व अधिकारी कल्याण सहाय, टेक्नीशियन विवेक सैनी, प्रदीप जांगिड, मोहनलाल, अनिल कुमार, शिवकुमार, कृष्ण कुमार, सुमित, सोलर वेंडर श्री बालाजी सोलर, टाटा पॉवर सोलर, मोनिका इंटरप्राइजेज, केला देवी सोलर, राजस्थान सोलर, स्मार्ट सन पॉवर के प्रतिनिधि एवं एसबीआई बैंक, क्रय-विक्रय के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## उप कारागृह में योग कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उप कारागृह में रविवार को समाजसेवी रतन लाल शर्मा द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाचार्य रामौतार यादव ने कैदियों को विभिन्न योग, प्राणायाम व आसन करवाये। समाजसेवी शर्मा ने कहा कि जो लोग कुछ



गलत संगति की वजह से रास्ता भटक गये है, उन्हें समाज के विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। योगाचार्य रामौतार यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिये, स्वास्थ्य ही मनुष्य का पहला सुख है। इस दौरान कार्यवाहक जेलर जयसिंह मीणा, रेखा चौहान, उपेंद्र कुमार, महिपाल, रामेश्वर दयाल, राजेंद्र चौधरी समेत स्टॉफ व कैदी मौजूद रहे।

## दहेज मुक्त विवाहः खारिया गांव में सामाजिक बदलाव की मिसाल

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)।** खारिया गांव में हाल ही में संपन्न हुए दहेज मुक्त विवाह ने समाज में नई जागरूकता का संचार किया है। दुबई प्रवासी ओमप्रकाश सोकल और व्यवसायी मोहनलाल दादरवाल ने सादगी और समानता पर आधारित विवाह समारोह का आयोजन कर समाज को प्रेरणा दी। ओमप्रकाश सोकल की दो बेटियों, मोनिका और सोनू का विवाह क्रमशः मीठड़ी निवासी भारतीय सेना के जवान सुरेश कुमार और मौलासर निवासी राकेश के साथ केवल एक रुपया और नारियल के सगुन से संपन्न हुआ। इस समारोह का आयोजन डाकिड़ा कुआं पर हुआ, जिसमें खारिया सरपंच डॉ. देवीलाल दादरवाल की प्रेरणा से यह पहल और अधिक सार्थक बनी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और पंचायत



सदस्यों ने विवाह में शामिल होकर इस सामाजिक पहल का समर्थन किया। ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी और पारंपरिक गीतों ने इस आयोजन को सांस्कृतिक उत्सव का रूप दिया। इस विवाह ने खारिया गांव और आसपास के क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डाला है। सरपंच डॉ. देवीलाल दादरवाल ने इसे समानता और आत्मसम्मान बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। उन्होंने युवाओं को इस कुरीति के खिलाफ आगे आने का आह्वान किया। सोकल और दादरवाल परिवार ने इस पहल को समाज तक पहुंचाने में मीडिया के सहयोग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सादगी और जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।



### मांडलगढ़ नगर पालिका में अंधेर नगरी चौपट राजा कोई सुनने वाला नहीं

## जगह जगह लगा गंदगी का अंबार, दुर्गंध मार रहा है जालेश्वर तालाब

**पार्षद अनीता सुराणा ने की विधायक को शिकायत**

जयपुर टाइम्स

**मांडलगढ़(निसं.)।** शहर में स्थानीय नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही व अनदेखी से मांडलगढ़ नगरवासी फैलती गंदगी और बदबू से परेशान होकर अपनी जिंदगी जी रहे है । नगर के जालेश्वर तालाब में व अन्य जगहों पर गंदगी , अपने पांव फैलाकर यह संदेश दे रही है कि सफाई करो मैं तैयार हूं , लेकिन कोई सफाई कर्मी आये तो सही ? तालाब में पानी की सतह पर काई ( खांजी ) फैलने से बदबू का आलम आनेजाने वालो की परेशानी का सबब बना हुआ है । पालिका प्रशासन लापरवाह व जानकर भी अनभिज्ञ होते हुये ।

अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत याद दिला रहा है । चौराहे पर जैन मंदिर के सामने, पंचायत समिति के मुख्य द्वार के पास जो भी अन्यजन गंदगी डाल रहे है , उनको पालिका प्रशासन द्वारा पाबंद कर कार्यवाही नहीं की जा रही है , जो चिंता जनक है । सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल होने तथा डबल इंजन की सरकार होते हुये भी इसकी अनदेखी की झलक देखी जा सकती है । कभी रोडलाईटों की परेशानी तो कभी गंदगी का नजारा यहां देखा जा सकता है । शहर के कई वार्डो में कई दिनों से अंधेरा छाया हुआ है रोड लाइट बंद है नगर पालिका पार्षद अनीता सुराणा ने बताया कि हमारे पिछले कार्यकाल में शहर की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए नगर पालिका द्वारा नगर में जगह-जगह लाखों रुपए खर्च कर कैमरे लगाए गए थे जो धूल फांक रहे हैं उनके केबीले तक गायब हो गई है उनका कोई अता पता नहीं है लाखों रुपए की पालिका प्रशासन को चपत लग गई है इसका लोगों को कोई फायदा नहीं मिला वहीं रात्रि को रोड लाइट बंद रहने से चोर उच्चके वारदात को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं शहर में कई चोरी की वारदातें हो गई है लगभग 15 मोटरसाइकिल घरों से चोर चुरा ले गए हैं जिनका आज तक पता नहीं चल पाया

इतना होने के बाद भी पालिका प्रशासन की अनदेखी व खामोशी को... लेकर कोई भी आगे आने को तैयार नहीं है । जन समस्याओं को लेकर नगर पालिका को कई बार बता चुके हैं साधारण सभा की बैठक में भी उक्त मामले आ चुके हैं लेकिन इस पर गौर नहीं किया जाना कहीं ना कहीं जन जीवन के खिलाफ है शहर में अब तक की सबसे बड़ी दुर्दशा मांडलगढ़ नगर पालिका क्षेत्र की हो रही है सफाई के लिए नगर पालिका द्वारा लगाए गए टिप्पर जो शहर का कचरा भरकर नगर की सड़कों पर सरपट दौड़ते रहते हैं कचरे को ढका नहीं जाता है जो पूरे क्षेत्र में प्लास्टिक की थैलियां कचरा उड़ता दिखाई देता है नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी का पद खाली होने से भी पालिका में आकर काम कराने वाले आमजन भी चक्कर काट रहे है । नगरवासियों की की जन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर के विकास के लिए अविलंब अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति की जाये या फिर उपखंड अधिकारी को इसका चार्ज दिलाया जाये शहर वासियों ने उच्च अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कठोर शब्दों में नगर पालिका की कार्यशैली एवं शहर के विकास की ओर जागृत करने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष पार्षद अनीता सुराणा ने बताया कि हमने शहर की बिगड़ी व्यवस्था एवं विकास की गति को बनाने को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों स्थानीय प्रशासन एवं साधारण सभा की बैठक में बताने के बाद भी इस और कोई कठोर कार्रवाई नहीं करने से लोगों में भारी रोस उत्पन्न हो रहा है इनका कहना उक्त जन समस्याओं को लेकर हमने हमारे क्षेत्रिय विधायक सा गोपाल जी खंडेलवाल साहब को अवगत कराया है शीघ्र ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है अनीता सुराना नगर पालिका पार्षद मांडलगढ़ फोटो कैप्शन मांडलगढ़ रेखा गैस एजेंसी के पास लगे कचरे का ढेर घूमते सूअर।

### राइजिंग राजस्थान

## सतत खनन पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन, केन्द्रीय मंत्री किशन रेड्डी होंगे मुख्य अतिथि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के तहत 9 दिसंबर को जेईसीसी में आयोजित माइनिंग सेक्टोरल सेशन में सतत खनन- भविष्य की सुरक्षा पर गहन मंथन होगा। इस सेशन में खनन और कोयला क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञ भाग लेंगे।

केन्द्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि होंगे, जबकि जनजाति विकास एवं होमगार्ड मंत्री बाबू लाल खराड़ी और वन राज्य मंत्री संजय शर्मा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल होंगे। इस सत्र में केन्द्रीय खान सचिव वी.एल. कांताराव उद्घाटन भाषण देंगे। प्रमुख शासन सचिव माइंस टी. रविकान्त पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से सतत खनन के लिए राजस्थान और वैश्विक स्तर पर हो रहे नवाचारों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

राइजिंग राजस्थान के माइनिंग नोडल अधिकारी बीएस सोढ़ा ने बताया कि इस सत्र में हिंदुस्तान जिंक जियोटेक माइनिंग ऑपरेशन के महाप्रबंधक डेविड जोसेफ फिन सतत खनन पर प्रजेंटेशन देंगे। पैनल डिस्कशन का संचालन हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा करेंगे।

पैनल में ऑयल इंडिया के सीएमडी डॉ. रणजीत रथ, हिंदुस्तान जिंक के डेविड जोसेफ फिन, सीएमपीडीआई के निदेशक सतीश झा, ऑस्ट्रेलियन माइनिंग सलाहकार एंड्रू हॉल, आईआईटी धनबाद टेक्समिन के सलाहकार नरेश सोनी, और फेडरेशन ऑफ माइनिंग एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के महासचिव अक्षयदीप माथुर शामिल होंगे। सत्र में राजस्थान के खनन क्षेत्र की समग्र प्रगति, सतत खनन की दिशा में हो रहे प्रयासों, नवाचार, और बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा की जाएगी। प्रतिभागियों द्वारा साझा विचार और समाधान राज्य के माइनिंग क्षेत्र के भविष्य को नई ऊंचाई देंगे।



## रुपये लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** निकटवर्ती ग्राम खरखड़ी निवासी जागेराम मान के विगत शनिवार शाम को जेब से 10 हजार रूपये गिर गये।देर रात तक पुरे रास्ते में ढुंढने पर भी नहीं मिले। हरि इच्छा प्रबल मान निराश होकर बैठ गये।

उधर प्रधानाचार्य मुकेश कुमार निवासी हाऊसिंग बोर्ड कोटपूतली को रास्ते में पड़े हुये 10 हजार रूपये मिले तो जानकारी कर उन्होंने जागेराम मान को रुपये लौटाकर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया।

## जयपुर द्वितीय में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 3.22 लाख बच्चों को मिलेगी 'दो बूंद जिंदगी की'

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.),।** उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आज जयपुर द्वितीय जिले में शुभारंभ हुआ। जिले के 2209 बूथों पर नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई गई। अभियान का उद्देश्य 3 लाख 22 हजार 807 बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए प्रतिरक्षित करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि पहले दिन बूथों पर वैक्सीन पिलाने के बाद आगामी दिनों में घर-घर जाकर बच्चों को दवा दी जाएगी। अभियान की निगरानी जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे ताकि कोई बच्चा खुराक से वंचित न रहे। आरसीएचओ डॉ. प्रमिला मीणा ने जानकारी दी कि अभियान को सफल बनाने के लिए 13247 मैनपावर तैनात किया गया है, जिसमें 12534 वैक्सीनेटर और 713 सुपरवाइजर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 125 ट्रांजिट टीमें और 529 मोबाइल टीमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बच्चों को वैक्सीन की खुराक सुनिश्चित करेंगी।

पोलियो दिवस पर शुरू हुए इस अभियान में जिले भर के स्वास्थ्यकर्मी, वैक्सीनेटर और सुपरवाइजर जुटे हैं। वैक्सीन की खुराक से छूटे बच्चों को आगामी दिनों में मोबाइल टीमें घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी।

अभियान का उद्देश्य 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाना है।

स्वास्थ्य विभाग ने जिले भर में व्यापक तैयारी की है ताकि इस अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। दो बूंद जिंदगी की के तहत यह पहल बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम है।






## न्यायिक अधिकारियों की द्वितीय त्रैमासिक ब्लॉक सेमिनार सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**राजसमंद (निसं.)।** राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर एवं राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी, जोधपुर के निर्देशानुसार उदयपुर, राजसमंद एवं चित्तौडगढ़ के न्यायिक अधिकारियों की द्वितीय त्रैमासिक ब्लॉक सैमिनार दिनांक 08.12.2024 को जिला परिषद, राजसमंद के बैठक कक्ष में आयोजित की गई।

सेमिनार के मुख्य अतिथि न्यायाधिपति दिनेश मेहता साहब ने रविवार को आयोजित द्वितीय त्रैमासिक कार्यशाला-2024 (अक्टूबर-दिसम्बर 2024) की अध्यक्षता की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय न्यायाधिपति ने सभी न्यायिक अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित निस्तारण में इलैक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों से अपने दिन प्रतिदिन के न्यायिक कार्य में उपयोग विषय पर मार्गदर्शन देते हुए सभी न्यायिक अधिकारियों से अधिकतम न्यायिक कार्य में इलैक्ट्रॉनिक साधित्रों के उपयोग बढ़ाने और त्वरित गति से समनों की तामिल, इलैक्ट्रॉनिक पोर्टलों के उपयोग पर बल देते हुए त्वरित निस्तारणों के निर्देश दिए।

इस सेमिनार में राजसमंद जिला न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल उदयपुर जिला न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता चित्तौड़गढ़ जिला न्यायाधीश महेंद्र सिंह सिसौदिया सहित सभी न्यायिक अधिकारियों ने इस त्रैमासिक ब्लॉक सेमिनार में तीनों जिलों के न्यायिक अधिकारियों ने डिजिटल कोर्टस, प्रोसेस जनरेशन के नवीन एप त्वरित के उपयोग, दूरस्थ स्थित गवाहों के वी.सी. पोर्टल से होने वाले बयानों, ऑनलाईन लीव मैनेजमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी का न्याय में उपयोग विषयों पर कार्यशाला में विस्तार से चर्चा की। इससे पूर्व उदयपुर जिला न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में उद्बोधन देते हुए ऐसी कार्यशालाओं को न्यायालयों द्वारा किये जाने वाले न्यायिक कार्य में सहायक बताया ।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश, राजसमंद राघवेन्द्र काछवाल ने बाहर से पधारे समस्त न्यायिक अधिकारियों का आभार व्यक्त कर स्वागत किया । काछवाल ने अपने उद्बोधन में हर्ष व्यक्त करते हुए इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों को न्याय में न्यायाधीशों के लिए अति उपयोगी बताते हुए कार्यषाला की सफलता पर सभी उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

राजसमंद में आयोजित कार्यशाला की आयोजन समिति के नोडल ऑफिसर सुनिल कुमार ओझा, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बताया कि बैठक हॉल में न्यायिक अधिकारियों ने इलैक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल्स फॉर ज्यूडिसियल ऑफिसर तथा जनरल रूल्स (सिविल एण्ड क्रिमिनल) 2018 के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पक्षों पर व्याख्यान दिया। इस तरह की कार्यशाला के महत्व को बताते हुए सुनिल कुमार ओझा ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला के नियमित आयोजन से न्यायिक अधिकारीगण वर्तमान में न्यायिक प्रक्रियों में होने वाले बदलावों के बारे जानकारी मिलती है, इस तरह की कार्यशाला से न्यायिक अधिकारीगण स्वयं को अद्यतन रख पाते हैं तथा इस प्रकार का कार्यक्रम न्यायिक अधिकारीगण के लिए ज्ञानवर्द्धक और उपयोगी साबित होता है। कार्यशाला में नवीन नवाचार करते हुए एमएसीटी जज, राजसमंद अश्वनी यादव ने उदयपुर जिला न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता को एवं पोक्सो जज, राजसमंद पूर्णिमा गौड़ ने चित्तौड़गढ़ जिला न्यायाधीश महेन्द्र सिसोदिया को वन एवं पर्यावरण के पर्याय पौधे भेंट किए। कार्यक्रम का सफल संचालन ममता सैनी सीजेएम, राजसमंद, अनुपमा भटनागर एसीजेएम, रेलमगरा एवं साक्षी शर्मा न्यायाधीश, राजसमंद ने किया। कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## विश्व हिन्दू परिषद की बैठक का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** विश्व हिन्दू परिषद व प्रबुद्धजनों की रविवार को बैठक आयोजित हुई। मुख्य वक्ता संगठन के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेन्द्र कुमार जैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर जिस प्रकार के अत्याचार हो रहे हैं वे हिंदुओं के नरसंहार की दिशा में जाते हुये दिखाई देते हैं। आज वहां पर हिंदू समाज का सफाया करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। जनसंख्या असंतुलन के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं, बांग्लादेश का दृश्य इसको बताने के लिये पर्याप्त है। जैन ने सवाल किया कि भारत के वे सेकुलर और मुस्लिम नेता जो मुस्लिम समाज के ऊपर हुये किसी कथित छोटे मोटे हमले पर भी आसमान सर पर उठा लेता है, हिंदू समाज पर हो रहे इन भीषण अत्याचारों पर मौन क्यों है? उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश के हिंदू समाज ने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है। जैन ने अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने के राजस्थान सरकार के निर्णय का स्वागत किया और कहा कि महाराणा प्रताप जैसे धर्मवीरों की धरती पर धर्मांतरण के षड्यंत्र राजस्थान के समाज को वर्षों से



उद्वेलित कर रहे थे। समाज की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार ने धर्मांतरण को रोकने का जो निर्णय लिया है वह आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का हिंदू समाज अब हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और धर्मांतरण के षड्यंत्रों को किसी भी कीमत पर स्वीकार करने को तैयार नहीं है। इसलिये विश्व हिंदू परिषद धर्मांतरण करने वाली सभी जिहादी और मिशनरी संस्थाओं को चेतावनी देता है कि वे अपने आपको अपनी पूजा पाठ तक सीमित रखें।

उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के द्वारा केवल आस्थाओं पर चोट ही नहीं की जाती है अपितु अपने महान हिंदू धर्म को अपमानित भी किया जाता है। धर्मांतरण के कारण हुये जनसंख्या असंतुलन के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था और स्वतंत्रता के बाद हिंदू समाज पर अनेक प्रकार के अत्याचार हुये थे। अब सरकार के साथ समाज भी सशक्त रूप से खड़ा हो गया है। उन्होंने यह विश्वास व्यक्त किया कि अब राजस्थान की पावन धरती से धर्मांतरण और लव जिहाद का पाप हमेशा के लिये मुक्त हो जायेगा। उन्होंने वर्तमान में उपस्थित चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुये कहा कि इन चुनौतियों का सामना करने हेतु समाज को जागृत करने का दायित्व आप प्रबुद्धजनों का है। इस दौरान डॉ. वासुदेव गुप्ता, पूरणमल भरगड़, डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया, विनोद गोयल, दिनेश मित्तल, शिवकुमार, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, जिला प्रचारक कुलदीप, लक्ष्मण सिंह मीणा, केदार टांक, रतन लाल शर्मा, धर्मवीर कुमावत समेत अन्य मौजूद रहे।

## संपादकीय .....

### विदेशी पर्यटक क्यों गंदी हवा, गंदे ट्रैफिक, गंदी भीड़ में भारत घूमें?

इस सप्ताह मालूम हुआ कि नीति आयोग ने माना है कि चीन से भागती कंपनियां ने भारत की बजाय वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया और मलेशिया जैसे देशों में फैक्टरियां खोलीं। दूसरे, भारत में विदेशी पर्यटक कम आ रहे हैं। कोरोना से पहले जितने आते थे उससे कम आ रहे हैं। इस हकीकत को यदि भारत से भागते अमीर-उद्यमियों, से जोड़ें और भारतीयों के भारत में घूमने के बजाय दुबई, मकाऊ, हांगकांग, वियतनाम, बैंकाक, श्रीलंका, तुर्की आदि के सैर सपाटे पर गौर करें तो क्या साबित होगा? भारतीयों को भी विदेश में सुकून, सुरक्षा और सस्ते में अच्छा अनुभव हो रहा है। इसलिए यह जान हैरानी नहीं हुई कि सर्दियों में यूरोपीय लोगों के लिए बहुत राहतदायी, अपेक्षाकृत शांत गोवा में भी विदेशी पर्यटकों की आवक कम है। उत्तर भारत के लोग भी गोवा के बजाय श्रीलंका, तुर्की, उजबेकिस्तान, कजाकिस्तान जैसे देश घूमने जा रहे हैं।

क्यों? इसलिए क्योंकि भारत की आबोहवा, ट्रैफिक और इंफ्रास्ट्रक्चर आदि की अव्यवस्थाओं, असुरक्षाओं के अनुभव दुनिया को मालूम है। गोवा में विदेशियों के कम आने को लेकर किसी ने सोशल मीडिया पर कमेंट किया तो वहां की सरकार ने उसे झूठा बताते हुए उस पर कार्रवाई शुरू की। जबकि देशी और विदेशी पर्यटकों के आगे वहां के ट्रैफिक माफिया, असुरक्षा और लगातार सब महंगे होने का अनुभव इंटरनेट पर खुलता हुआ है। खुद गोवा के पर्यटन उद्योग को अनुभव है। तब सरकार को पहले हालात सुधारने चाहिए या सोशल मीडिया में किसी की टिप्पणी को तूल देकर देश-विदेश में और चर्चा फैलानी चाहिए? लेकिन सत्ता का अहंकार है जो सच्चाई और आईने की ओर देखता ही नहीं।

दुनिया के बड़े देशों, बड़ी आबादी के सभी देशों में उन सभी गतिविधियों का बेइंतहां विस्तार और विकास होता हुआ है, जिससे मानव जिंदगी को मजा, आनंद और सुकून मिले। इतना ही नहीं अब सैर सपाटे और मनोरंजन के लिए अंतरिक्ष के सैर सपाटे का भी इंफास्ट्रक्चर बनता हुआ है। लेकिन 140 करोड़ लोगों की भारतीय भीड़ का राजनीति और सोशल मीडिया की दो बीमारियों में बेड़ा गर्क होते हुए है। भारतीय भीड़ घूम रही है, तीर्थों पर जा रही है, वीकएंड मनाने के नाम पर होटलों में भीड़ बनाती है। क्रेडिट कार्ड और बैंकों से कर्ज ले कर दुबई, सिंगापुर, बैंकाक, मकाऊ के फैमेली सैर सपाटे हैं तो इस सबमें भी टाइमपास सा होता है! क्रंक्रीट की विशाल इमारतों को देखना, होटल, मॉल, साफ-सफाई तथा व्यवस्था की भव्यताओं की वाह याकि उससे लक्जरी का ख्याल बना कर भारतीय टाइमपास कर लौटते है। शराब, मौजमस्ती, खरीदारी से यह अहम बनाए होते है कि हम भी घूम कर आए हैं। देखो हमारी फोटो इंस्टाग्राम, फेसबुक, सोशल मीडिया पर! यही हमारा पर्यटन है, हमारा टाइमपास है। और जैसे हमारा सैर सपाटा है वैसा ही भारत के पर्यटन उद्योग, सरकारी रीति-नीति का ढर्रा है। भारत की सरकारें तुर्की, बाली, क्रोएशिया, थाईलैंड, वियतनाम से भी सीखने, समझनेऔर विकास बनाने में कमतर है।

## भारत विरोध बांग्लादेश को भारी पड़ेगा

भारत सरकार ने अभी तक संयम रखा है और स्थितियों को ठीक करने के संभवतः अंतिम प्रयास के तौर पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री बांग्लादेश की यात्रा पर जा रहे हैं। सोमवार, नौ दिसंबर से उनकी यात्रा शुरू हो रही है। वे बांग्लादेश के अपने समकक्ष यानी वहां के विदेश मंत्री से मिलेंगे। वे बहुत स्पष्ट शब्दों में नई दिल्ली का संदेश ढाका को देंगे। बांग्लादेश में चार महीने पहले जब शेख हसीना का तख्तापलट हुआ था तब माना गया था कि कूटनीतिक रूप से यह भारत के लिए बड़ा झटका है। परंतु तब ऐसा नहीं लगा था कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत विरोधी रुख अपना लेगी और हिंदुओं पर अत्याचार इतना बढ़ जाएगा। इसके उलट जब मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के मुखिया बने तो एक उम्मीद जगी कि भारत और बांग्लादेश के संबंध फिर से सुधर सकते हैं। भले उतने सद्भाव वाले न हों, जितने शेख हसीना के समय थे, फिर भी कामचलाऊ संबंध बहाल हो सकता है। आखिर मोहम्मद यूनुस अपेक्षाकृत उदार माने जाते हैं और उनकी ससुराल भारत के पश्चिम बंगाल में है। तभी उनसे कुछ बेहतर होने की उम्मीद की जा रही थी। परंतु चार महीने बाद ये उम्मीदें टूटने लगी हैं। पिछले चार महीने में न सिर्फ हिंदुओं का उत्पीड़न बढ़ा है, बल्कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत विरोधी फैसले भी करने लगी है। उसकी घरेलू राजनीति और उसके कूटनीतिक फैसले दोनों से भारत विरोध के संकेत मिल रहे हैं।




उदाहरण के लिए पाकिस्तान को लेकर किए गए अंतरिम सरकार के ताजा फैसले को देखा जा सकता है। मोहम्मद यूनुस की सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा के नियमों में ढील दे दी है। पहले किसी पाकिस्तानी नागरिक को बांग्लादेश जाना होता था तो उसको 'सिक्योरिटी क्लीयरेंस' लेनी होती थी। यानी सामान्य जांच के साथ साथ 'सुरक्षा मंजूरी' जरूरी होती थी। इस नियम को अब हटा दिया गया है। इसका अर्थ है कि अब पाकिस्तानी नागरिक बेरोकटोक ढंग से बांग्लादेश जा सकेंगे। यह फैसला भारत के लिए गंभीर सुरक्षा चुनौती बन सकता है। ध्यान रहे भारत और बांग्लादेश की सीमा पर उस तरह की चौकसी और सुरक्षा नहीं है, जैसी पाकिस्तान या चीन के साथ सीमा पर है। इसका फायदा उठा कर बांग्लादेश पहुंचने वाले पाकिस्तानी नागरिक भारतीय सीमा में घुसपैठ कर सकते हैं।

बांग्लादेश के साथ भारत की चार हजार किलोमीटर लंबी सीमा लगती है और पश्चिम बंगाल के साथ साथ त्रिपुरा, असम, मेघालय और मिजोरम जैसे पांच राज्य बांग्लादेश की सीमा से सटे हुए हैं। शेख हसीना से पहले जब 2001 से 2006 तक बांग्लादेश में खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार थी तब इन राज्यों की सीमा पर बांग्लादेश की तरफ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियां बहुत होती थीं। इस अवधि में भारत में कई आतंकवादी हमले हुए, जिनकी साजिश बांग्लादेश में रची गई थी। लश्कर ए तैयबा जैसा आतंकवादी संगठन बांग्लादेश से संचालित होता था। खालिदा जिया ने पाकिस्तान के साथ साथ चीन से दोस्ती बढ़ाई थी और चीन से कई सुरक्षा करार किए थे। शेख हसीना ने सरकार में आने के बाद पाकिस्तान के प्रति सख्ती की नीति अपनाई तब आईएसआई की गतिविधियां कम हुई। अब एक बार फिर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के पाकिस्तान के प्रति नरम नीति अपनाने से सीमा पर आईएसआई की भारत विरोधी गतिविधियां बढ़ सकती हैं। पता नहीं है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस इस सच्चाई को कैसे नजरअंदाज कर रहे हैं कि पाकिस्तान के हाथों उनके देश के लोगों ने कितने कष्ट झेले हैं। उसी उत्पीड़न से मुक्ति के लिए अलग देश का गठन हुआ और अब देश की सरकार अपने ही हाथों अपनी गर्दन फिर से पाकिस्तान के हाथ में दे रही है। इससे बांग्लादेश की अपनी सुरक्षा के लिए भी खतरा बढ़ेगा। पाकिस्तान के प्रति नरमी दिखाने के साथ साथ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार जमात ए इस्लामी के प्रति भी नरमी रुख दिखा रही है। ध्यान रहे तख्तापलट और शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद उनकी पार्टी आवामी लीग हाशिए पर चली गई और अब देश की सत्ता पर कब्जे के लिए असली मुकाबला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात ए इस्लामी के बीच है। पहले दोनों पार्टियां साथ भी रही हैं लेकिन अब आमने सामने लड़ रही हैं। अंतरिम सरकार इन दोनों को बढ़ावा दे रही है। मुश्किल यह है कि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के साथ भारत कूटनीतिक स्तर पर बातचीत कर सकता है और संबंध सुधार के प्रयास कर सकता है लेकिन जमात ए इस्लामी जैसे कट्टरपंथी धार्मिक संगठन के साथ तो कूटनीतिक वार्ता भी संभव नहीं है। ध्यान रहे इसी संगठन की कट्टरपंथी गतिविधियों की वजह से बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ा है। हिंदुओं के घरों पर हमले और लूटपाट की घटनाएं हों या मंदिरों पर हमले का मामला हो, उनके पीछे आमतौर पर इसी कट्टरपंथी संगठन के लोग होते हैं। बांग्लादेश की सरकार उनके ऊपर कार्रवाई करने की बजाय उलटे हिंदू संगठनों को परेशान कर रही है। बांग्लादेश के चटगांव में कृष्ण भक्तों पर कार्रवाई करके अंतरिम सरकार ने जमात ए इस्लामी की तुष्टिकरण की राजनीति की है। बांग्लादेश की सरकार ने एक आधारहीन मामले में इस्कॉन के धर्मगुरू चिन्मय प्रभु को गिरफ्तार कर लिया। उनके ऊपर आरोप हैं कि उन्होंने हिंदुओं के एक जुलूस का नेतृत्व किया, जिसमें भगवा झंडे लहराए गए। अब सवाल है कि क्या हिंदुओं को अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के प्रतिकार के लिए एकजुट होने और प्रदर्शन करने का अधिकार नहीं है? क्या धार्मिक समूह के प्रदर्शन में उस धर्म के प्रतीक झंडे का लहराना कानूनी रूप से गलत है? क्या बांग्लादेश के दूसरे धार्मिक संगठन अपने प्रदर्शन में अपने धर्म का झंडा नहीं लहराते हैं? वास्तविकता यह है कि जमात ए इस्लामी के जुलूस और प्रदर्शनों में भी हमेशा इस्लामी झंडे लहराए जाते हैं लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है और न उनको कहा जाता है कि वे राष्ट्रीय झंडा लहराएं। तो क्या यह कानून सिर्फ डेढ़ करोड़ हिंदुओं के लिए ही है? बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपने देश की कट्टरपंथी ताकतों के तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं पर अत्याचार की ओर से आंखें मूंद ली हैं और उलटे उस अत्याचार का हिस्सा बन गई है।

यही कारण है कि भारत में इसे लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। भारत में हिंदू संगठनों ने चार महीने इंतजार किया। उनको लग रहा था कि तख्तापलट के बाद हिंदुओं पर जो हमले शुरू हुए हैं वे तात्कालिक घटनाक्रम की प्रतिक्रिया हैं और धीरे धीरे सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन ठीक होने की बजाय स्थितियां बिगड़ती गई तो भारत में हिंदुओं का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। राजधानी दिल्ली से लेकर मुंबई और कोलकाता से लेकर अगरतला तक प्रदर्शन हुए हैं। इस प्रदर्शन पर बांग्लादेश की बेचैनी इतनी बढ़ गई कि उसने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर दिया। ध्यान रहे अगरतला की घटना बांग्लादेश के लिए एक बड़े खतरे का संकेत है। वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध भारत में गुस्सा बढ़ रहा है। लोग आंदोलित हो रहे हैं। भारत के अलग अलग राज्यों में चाहे जिस पार्टी की सरकार हो, सब इस बात पर एकमत होकर केंद्र सरकार के साथ हैं। तभी अगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार नहीं बंद हुआ तो उसे किसी बड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। केंद्र में अब ऐसी सरकार नहीं है, जो चुपचाप हिंदुओं पर अत्याचार देखती रहेगी। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और भारत विरोधी घटनाएं तब हो रही हैं, जब मोहम्मद यूनुस के अंतरिम सरकार का मुखिया बनने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उनको बधाई दी थी। इसका अर्थ था कि भारत ने वहां के बदलाव को स्वीकार किया है। इसके बावजूद बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों पर हमले हुए, लूटपाट की गई, कट्टरपंथी भीड़ द्वारा मंदिरों पर हमला किया गया और भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान किया गया।

## समसामयिक

## भारतीय मध्य वर्ग का ऐसे ढहना!

भारत का शहरी मध्य वर्ग मुसीबत में है। आम घरों का बजट बिगड़ गया है। गुजरी आधी सदी में इतनी खराब हालत पहले कभी नहीं हुई। पिछले चार साल में रोजमर्रा के उपयोग वाली लगभग हर जरूरी चीज की कीमत कम-से-कम एक चौथाई बढ़ चुकी है।।।। यह परिघटना पूरी भारतीय अर्थव्यवस्था को चपेट में ले रही है। और इसी कारण है कि अभी कॉरपोरेट्स के दायरे में हाय-तौबा मची हुई है।

भारत में मध्य वर्ग सिकुड़ रहा है, ये तथ्य अब देश की मार्केट एजेंसियां और कॉरपोरेट सेक्टर भी बताने लगा है। सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी सरकार और उनकी पार्टी ही अब ऐसा खेमा बचे हैं, जो इसे स्वीकार करना तो दूर, वे इसके विपरीत दावे कर रहे हैं। तीसरे कार्यकाल का 100 दिन पूरा होने पर मोदी सरकार ने दावा किया कि पिछले दस साल में इस सरकार की प्रमुख उपलब्धि यह है कि अब देश में मध्य वर्ग बढ़ रहा है और आर्थिक विकास चक्र को गति देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

लेकिन उपभोक्ता वस्तुओं की निर्माता कंपनियां कुछ अलग सूरत बयान कर रही हैं। एक प्रमुख कंपनी नेस्ले के भारत स्थित प्रमुख ने जो कहा, जो अब मेनस्ट्रीम नैरेटिव बन चुका है। कंपनी के चेयरमैन और महाप्रबंधक सुरेश नारायणन ने कहा- 'उच्च वर्ग के उपभोग वाली वस्तुओं की बिक्री तो अब भी मजबूत है, लेकिन ऐसा लगता है कि मध्य हिस्सा, वह हिस्सा जिसमें ज्यादातर एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) का उपभोग होता था, सिकुड़ रहा है।'

हालांकि देश में घटता आम उपभोग और बाजार में घटती मांग खासकर कोरोना काल के बाद से ही भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख समस्या बने रहे हैं, मगर अब तक ये बात अर्थशास्त्रियों और गंभीर पत्र-पत्रिकाओं की चर्चा के दायरे में सिमटी हुई थी। हालांकि कंपनियों का बाजार इससे प्रभावित हो रहा था, फिर भी कॉरपोरेट सेक्टर के अधिकारी यह कहने से हिचकते रहे। संभवतः इसकी एक वजह देश का माहौल है, जिसमें सरकार को असहज करने वाली कोई बात कहना जोखिम भरा हो गया है। सोशल मीडिया पर बैकलेश (तीखी प्रतिक्रिया) के भय से वे लोग कुछ बोलने से हिचकते रहे। इस रुझान का स्वाद एशियन पेंट्स के सीईओ अमित साइंगल को इस वर्ष मई में चखना पड़ा था।

जब 2023-24 की चौथी तिमाही में एशियन पेंट्स की बिक्री में बड़ी गिरावट दर्ज हुई, तो एक चर्चा के दौरान साइंगल से पूछा गया कि जीडीपी की वृद्धि के साथ एशियन पेंट्स की बिक्री का संबंध क्यों टूट गया है? इस पर साइंगल ने जवाब दिया- आप सही कह रहे हैं इस वर्ष जीडीपी से (उत्पाद बिक्री का) संबंध गड़बड़ा गया है। मुझे भी यह महसूस होता है। मैं निश्चित रूप से नहीं बता सकता कि जीडीपी के आंकड़े कहां से आ रहे हैं।



इस टिप्पणी पर साइंगल की इतनी ट्रोलिंग हुई कि उन्हें अपनी बात वापस लेकर स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा। मगर जब बिक्री के गिरने और कंपनियों का राजस्व घटने का रुझान बढ़ता ही जा रहा है, तो उनके अधिकारी कब तक चुप रहेंगे? ट्रोलिंग नेश्ले प्रमुख की भी हुई, लेकिन उन्होंने कोई सफाई नहीं दी। उन्होंने जो कहा उसकी पुष्टि अन्य एफएमसीजी कंपनियों की बिक्री रिपोर्ट से भी लगातार हुई है। इनमें हिंदुस्तान लीवर, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आईटीसी और रिलायंस जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। जाहिर है, अब हालत वहां पहुंच गए हैं, जब मेनस्ट्रीम मीडिया भी इस ट्रेंड से आंख नहीं चुरा सकता। तो अखबारों, खासकर वित्तीय अखबारों में मध्य वर्ग की मुश्किलों और उसके ह्रास पर लंबी-लंबी रिपोर्टें देखने को मिल रही हैं।

इस बीच मार्केट एजेंसी मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स की आई एक विस्तृत रिपोर्ट (https:// marcellus Đin/ blogs/ why-is- the-indian-mid-dle-class-suffering/) ने इस चर्चा को और ठोस एवं तथ्यात्मक आधार प्रदान कर दिया है। इस रिपोर्ट में मध्य वर्ग के ह्रास की परिघटना के कारण और परिणामों की चर्चा की गई है। इस रिपोर्ट का सार है:

उपभोग की स्थिति से स्पष्ट है कि भारत का शहरी मध्य वर्ग मुसीबत में है।

आम घरों का बजट बिगड़ गया है। गुजरी आधी सदी में इतनी खराब हालत पहले कभी नहीं हुई।

भारतीय अर्थव्यवस्था चक्रीय गिरावट के आरंभिक चरण में है। यानी आने वाले दिनों में इस गिरावट का और गंभीर रूप देखने को मिलेगा।

दफ्तरों और कारखानों में टेक्नलॉजी इनसान की जगह ले रही है। उससे रूटीन कार्य इनसान से छिनने लगे हैं। नतीजतन, रोजगार के अवसर घट रहे हैं।

रिपोर्ट में भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के हवाले से बताया गया है कि घरेलू बजट की स्थिति 50 साल के सबसे बुरे दौर में है।

जीडीपी की तुलना में सकल घरेलू बचत इस समय 1976 के बाद के सबसे निचले स्तर पर है।

घरेलू बचत घटने का प्रमुख कारण अनसिक्योर्ड ऋण का बोझ बढ़ना है। खासकर ऐसा पिछले दो साल में हुआ है। अनसिक्योर्ड ऋण से मतलब बाजार में खुदरा ऋण के बढ़े चलन से है, जिसका कारोबार तेजी से बढ़ा है। ऐसे कर्ज सामान्य से बहुत ऊंची ब्याज दर पर दिए जाते हैं।

नियमित रोजगार के घटते अवसर परिवारों की हालत बिगड़ने का एक प्रमुख दीर्घकालिक पहलू है। मगर फौरी वजह पिछले चार साल में बढ़ी महंगाई है। मुद्रास्फीति के सामान्य आंकड़ों को ध्यान में रखें, तो पिछले चार साल में रोजमर्रा के उपयोग वाली लगभग हर जरूरी चीज की कीमत कम-से-कम एक चौथाई बढ़ चुकी है। लेकिन इस दौर में खाद्य मुद्रास्फीति की दर दस प्रतिशत के आसपास रही है। यानी हर महीने खाने-पीने की चीजें दस फीसदी की दर से महंगी हुई हैं। इसकी सीधी मार परिवारों के बजट पर पड़ी है।

भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, परिवहन जैसी आम उपभोग की सेवाओं के वास्तविक आंकड़े मुद्रास्फीति की सरकारी रिपोर्ट में प्रतिबिंबित नहीं होते।

भारत में मध्य वर्ग सिकुड़ रहा है, ये तथ्य अब देश की मार्केट एजेंसियां और कॉरपोरेट सेक्टर भी बताने लगा है। सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी सरकार और उनकी पार्टी ही अब ऐसा खेमा बचे हैं, जो इसे स्वीकार करना तो दूर, वे इसके विपरीत दावे कर रहे हैं। तीसरे कार्यकाल का 100 दिन पूरा होने पर मोदी सरकार ने दावा किया कि पिछले दस साल में इस सरकार की प्रमुख उपलब्धि यह है कि अब देश में मध्य वर्ग बढ़ रहा है और आर्थिक विकास चक्र को गति देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## शख्सियत

## आध्यात्मिक क्रांति की पहली चिंगारी थे अरबिंदो घोष, जेल में हुई थी दिव्य अनुभूति



आध्यात्मकि गुरु, विद्वान्, दार्शनिक, महान कवि, योगी और स्वतंत्रता सेनानी अरबिंदो घोष की 05 दिसंबर को निधन हो गया था। अरबिंदो घोष ने देश को आजाद कराने में अहम योगदान दिया था। वह युवावस्था से ही देश के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ गए थे। स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान देने के साथ ही उन्होंने योग और दर्शन पर जोर दिया। पूरी दुनिया में अरबिंदो घोष के अनुयायी हैं, जो दर्शन के लिए उनकी किताबें पढ़ते हैं। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर श्री अरबिंदो घोष के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक प्रतिष्ठित बंगाली परिवार में 15 अगस्त 1872 को अरबिंदो घोष का जन्म हुआ था। इनके पिता अपने समय के एक सफल डॉक्टर थे। उनके पिता ने अरबिंदो घोष को महज 7 साल की उम्र में ही उच्च शिक्षा के लिए ब्रिटेन भेज दिया था। जहां पर अरबिंदो ने देश-विदेश का साहित्य पढ़ा और बड़े होते-होते आईसीएस की परीक्षा पास कर ली। इसके अलावा उनकी हिंदी और संस्कृत के साथ अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच, ग्रीक और इटैलियन भाषा पर समान पकड़ थी। वह 12 साल तक बतौर शिक्षक के रूप में कार्य करते रहे।

**स्वतंत्रता संग्राम में योगदान**

भारत में कई सालों तक रहने के बाद अरबिंदो घोष को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीय संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसके बाद वह धीरे-धीरे राजनीति में रुचि लेने लगे। शुरूआत से ही उन्होंने पूर्ण स्वतंत्रता की मांग पर जोर दिया था। वहीं 1906 में जब बंग-भंग का आंदोलन चल रहा था, तो अरबिंदो ने बड़ौदा से कलकत्ता की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान उन्होंने नौकरी से इस्तीफा देकर %वंदे मातरम्% साप्ताहिक के सहसंपादन के रूप में कार्य करना शुरू किया और ब्रिटिश सरकार के अन्याय के खिलाफ आचोलना शुरु की। ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लिखने के कारण श्री अरबिंदो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, लेकिन वह छूट गए। उन्होंने बंगाल के बाहर क्रांतिकारी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए विदेशी सामानों के बहिष्कार के तरीके %वंदे मातरम्% में उल्लिखित किए। साथ ही जनता को जागृत करने के लिए अरबिंदो ने उत्तेजक भाषण दिए और ब्रिटिश सरकार की दमन नीति की कड़ी निंदा की।साल 1908-09 में अरबिंदो घोष पर अलीपुर बमकांड मामले में राजद्रोह का मुकदमा चला और उनको जेल में डाल दिया गया। अलीपुर जेल में रहने के दौरान अरबिंदो घोष का जीवन पूरी तरह से बदल गया। जेल में रहते हुए उन्होंने अपना अधिकतर समय साधना और तप में लगाया। बताया जाता है कि जेल में साधना के दौरान अरबिंदो घोष को भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए। इस दिव्य अनुभूति के बाद वह क्रांतिकारी आंदोलन छोड़कर योग और आध्यात्म में रम गए। जेल से छूटने के बाद अरबिंदो घोष पूरी तरह से आध्यात्म की ओर मुड़ गए और वह पुदुच्चेरी में योग और दर्शन पढ़ा करते थे और इन्हीं विषयों पर बात भी किया करते थे। बताया जाता है कि इसी दौरान उनका ईश्वर से साक्षात्कार हुआ।

**मृत्यु**

वहीं 05 दिसंबर 1950 को पुदुच्चेरी में श्री अरबिंदो घोष की मृत्यु हो गई।



# छोटे पर्दे पर दोबारा छा जाने को तैयार चंदन प्रभाकर, निर्माताओं ने किया बिग बॉस 18 के लिए संपर्क!

अपनी कॉमेडी से घर-घर में पहचान बनाने वाले कॉमेडियन चंदन प्रभाकर जल्द ही बिग बॉस 18 में नजर आ सकते हैं। कपिल शर्मा के शो के जरिए उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी खास पहचान बनाई है। इस शो को उन्होंने कई वर्ष पहले छोड़ दिया था, लेकिन अब वह छोटे पर्दे पर एक बार फिर से धमाकेदार अंदाज में नजर आ सकते हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के अनुसार बिग बॉस के निर्माताओं ने उनसे सलमान खान के रियलिटी शो के आगामी सीजन के लिए संपर्क किया  है। कथित तौर पर चंदन और निर्माताओं के बीच शो को लेकर बातचीत चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जल्द ही चंदन इस प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में आने के बाद चंदन प्रभाकर की लोकप्रियता में काफी इजाफा देखने को मिला था। वह चंदू चायवाला की किरदार में शो में नजर आते थे। कपिल के साथ उनकी नोंक-झोंक दर्शकों को खूब पसंद आती थी। हालांकि, उन्होंने साल 2022 में इस शो को अलविदा कह दिया था। वह कपिल के नेटफ्लिक्स शो - द ग्रेट इंडियन कपिल शो की टीम का भी हिस्सा नहीं थे। चंदन ने कपिल शर्मा के शो को छोड़ने के अपने फैसले को लेकर एक बातचीत में कहा था कि इसके पीछे कोई खास वजह नहीं है। उन्होंने कहा था कि वह बस एक ब्रेक लेना चाहते थे। बिग बॉस 18 की बात करें तो निर्माताओं ने कथित तौर पर जान खान, मीरा देओस्थले, सुरभि ज्योति, कनिका मान, शाहीर शेख, समीरा रेड्डी, दीपिका आर्य, सोमी अली, अंजलि आनंद, अर्जुन बिजलानी, मानसी श्रीवास्तव और धीरज धूपर सहित कई लोकप्रिय नामों से संपर्क किया है। बताया जा रहा है कि इस शो के लिए स्त्री 2 फेम सुनील कुमार से भी बात की गई है। निर्माता इस बार शो और और अधिक रोमांचक बनाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। शो में अब्दु रोज़िक भी सलमान खान के साथ एक विशेष सेगमेंट में सह-होस्ट के रूप में नजर आ सकते हैं। बिग बॉस 18 का प्रीमियर 5 अक्टूबर को होने की संभावना है।



# अ वेडिंग स्टोरी से बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं मुक्ति मोहन

डांसर, होस्ट और एक्ट्रेस के रूप में मुक्ति मोहन ने विविधरंगी काम किया है। वे जिस लय में नाचती हैं, उसी सुर में अभिनय भी करती हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म अ वेडिंग स्टोरी से। इस फिल्म के जरिए वे हीरोइन के रूप में बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। उनसे एक बातचीत। अपनी फिल्म के बारे में मुक्ति कहती हैं, आज कल लोगों को दंत कथाएं पसंद आ रही हैं, जिसे हम फोकलोर कहते हैं। इस तरह की कहानियों से लोग कनेक्ट कर पाते हैं। हमारी कहानी में दंतकथा के साथ-साथ हॉरर और ड्रामा भी है। यह पंचक काल पर आधारित। मेरा रोल भी काफी दमदार और परतों वाला है। मुझे हॉरर स्पेस में इस भूमिका को करने में काफी मजा आया।

### मेरी कई फिल्में बन कर रिलीज नहीं हुई

अगस्त का महीना मुक्ति के लिए काफी यादगार रहा है। इस महीने उनके तीन प्रोजेक्ट आए। वे कहती हैं, ये सच है कि हीरोइन के रूप में अ वेडिंग स्टोरी मेरी पहली फुल फ्लेज्ड फिल्म है। अगर कुछ साल पहले ये मेरे साथ हुआ होता, तो मेरा अहसास अलग होता, मगर बीते सालों में अभिनय और कला को लेकर मेरी एक अलग तरह की समझ विकसित हुई है। ये मेरी डेब्यू फिल्म है, मगर इसे इसी वक्त पर होना था। मैं समझती हू कि कलाकार बनता ही तप से है। मेरे साथ बहुत बार हुआ कि मैं कई फिल्मों में हीरोइन बनी। फिल्म बन बन कर पड़ी हुई हैं, पर रिलीज ही नहीं हुई। मगर मैं कभी निराश नहीं हुई न मैंने हार मानी। मुझे लगता है कि ये अभी होना था।

### इस महीने में मेरी तीन फिल्में रिलीज हुई हैं

मुक्ति आगे कहती हैं, मैं बीते अगस्त को अपनी जिंदगी का बहुत ही खूबसूरत दौर मान रही हूं। इस महीने में मेरी तीन रिलीज हुई हैं। पहले ग्यारह ग्यारह फिर लाइफ हिल गई और महीने के खत्म होते-होते मेरी फिल्म अ वेडिंग स्टोरी। मैं बहुत खुश हूं। ग्यारह ग्यारह में मेरी छोटी-सी भूमिका को भी काफी तारीफ मिली। हमारे डायरेक्टर उमेश बिष्ट जी ने कहा कि उन्होंने कभी किसी की मौत को इतना ग्लोरीफाई नहीं किया। उस सीरीज में मैं एक डांस सीक्वेंस के बाद साइको किलर के हाथों कत्ल हो जाती हूं।

### निराशा के दिनों में पिता ने रास्ता दिखाया

मुक्ति एक विविधरंगी अदाकारा हैं। वे एक अभिनेत्री होने के साथ-साथ पारंगत डांसर भी हैं। वे सबसे ज्यादा क्या इंजॉय करती हैं। इस सवाल पर वे कहती हैं, मैं सब कुछ इंजॉय करती हूं। मुझे नाचने में भी उतना ही मजा आता है और अभिनय में भी। मैं अपने काम को पूरे रिदम और दिल से निभाती हूं। अपने एक अनुभव को साझा करते हुए वे कहती हैं।

> डांसर, होस्ट और एक्ट्रेस मुक्ति मोहन इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म अ वेडिंग स्टोरी से। इस फिल्म के जरिए वे हीरोइन के रूप में बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। उनसे एक बातचीत।



# दिल्ली क्राइम के सीजन 3 में नजर आ सकती हैं हुमा, मेकर्स से बातचीत है जारी

नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज दिल्ली क्राइम को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। सीरीज के अभी तक 2 सीजन रिलीज हो चुके हैं। शेफाली शाह ने दोनों ही सीजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब खबर सामने आ रही है कि तुमा कुरैशी सीजन 3 के लिए शेफाली की टीम से जुड़ने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... इस सीरीज के मेकर्स ने हुमा को अप्रोच किया है। मेकर्स और उनके बीच बातचीत जारी है। कहा जा रहा है कि तुमा को इसकी कहानी भी पसंद आ गई है। मेकर्स जल्द ही उनकी एंट्री का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर सकते हैं। बता दें कि एक बार फिर से शेफाली सीजन 3 में भी लीड रोल में नजर आने वाली हैं। डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रोल दर्शकों ने उन्हें काफी पसंद किया है। शेफाली के साथ ही रसिका दुग्गल, राजेश तैलंग और आदिल हुसैन भी सीरीज के तीसरे सीजन में नजर आने वाले हैं। पिछले सीजन के निर्देशक तनुज चोपड़ा ही तीरी सीजन को भी डायरेक्ट करने वाले हैं। वहीं सुधांशु सरिया ही सीजन के तीसरे पार्ट को लिखने वाले हैं। दिल्ली क्राइम सीजन 3 में एक बार फिर शहर में होने वाली अपराधों की सीरीज पर एक नजर डाली जाएगी। जहां शेफालो की टीम उन्हें रोकने के मकसद में काम करेगी। इस सीरीज के अलावा हुमा जल्द ही फिल्म बयान में भी दिखाई देंगी।

# 'जिगरा' के साथ इन फिल्मों में नजर आएंगी आलिया



आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म 'जिगरा' के ट्रेलर को लेकर सुर्खियों में बनी हैं। उनकी आगामी फिल्मों की लिस्ट काफी लंबी है। अभिनेत्री यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया संजय लीला भंसाली की फिल्म अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। 'ब्रम्हास्त्र' के बाद आलिया 'ब्रम्हास्त्र 2' में भी नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। 'जिगरा' इसी साल 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है।

# एनिमल में अबरार का रोल करने से पहले घबरा रहे थे बॉबी

अभिनेता बॉबी देओल एनिमल फिल्म में नेगेटिव रोल करके छा गए थे। उनके किरदार अबरार हक को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और उनके एंट्री सॉन्ग पर तो जमकर वीडियो बनाई थी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉबी देओल ने इस रोल को निभाने के लिए डेढ साल तक इंतजार किया था। खुद बॉबी ने एक साक्षात्कार में इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। एनिमल का निर्देशन करने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने बॉबी देओल को जब बताया था कि उनका किरदार मूक होगा तो शुरू में बॉबी घबरा गए थे, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी आवाज उनकी ताकत है। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने कम्फर्ट जोन से निकलकर कुछ करने का मन बनाते हुए फिल्म को हां कह दिया था। बॉबी ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए साक्षात्कार में बताया कि उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग के लिए डेढ साल इंतजार किया था। ये एक लंबी फिल्म है, जिसे शूट करने में काफी समय लग रहा था। ऐसे में बॉबी के मन में सवाल उठ रहे थे कि क्या संदीप अपना मन बदल लेंगे और एक दिन अचानक कहे देंगे कि अब उन्हें उनकी जरूरत नहीं है? बॉबी ने रणबीर कपूर के साथ 12 दिन शूटिंग की थी। उन्होंने रणबीर कपूर की तारीफ करते हुए कहा कि बड़े स्टार होने के बावजूद वो काफी डाउन-टू-अर्थ हैं। बॉबी ने ये भी बताया कि उन्होंने अबरार के रोल के लिए कैसे तैयारी की थी। उन्होंने इसके लिए साइन लैंग्वेज सीखी थी। बॉबी देओल आने वाले दिनों में भी कुछ फिल्मों में नेगेटिव रोल करते दिखाई देंगे। वो जल्द ही सूर्या स्टारर कंगुवा में नजर आएंगे।





# मिर्जापुर 3 में मिली प्रशंसा के बाद अब आगे बढ़ने को तैयार हैं पल्लव सिंह

'मिर्जापुर 3' में शायर रहीम के किरदार से लोगों के दिलों पर राज करने वाले अभिनेता पल्लव सिंह अब अपने करियर में आगे बढ़ने और नए प्रोजेक्ट्स पर काम करने के लिए तैयार हैं। 'मिर्जापुर 3' में मिली प्रशंसा को लेकर अभिनेता को लगता है कि अब समय आ गया है कि वह खुद को अगले किरदार की ओर लेकर चलें, ताकि वह अपने अगले किरदार को भी शायर रहीम की तरह खास बना सकें। पल्लव ने कहा कि वे स्कूल के दिनों से ही अभिनय से जुड़े हुए हैं। कॉलेज में वे और उनका ग्रुप दिन में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते थे और शाम से देर रात तक का समय अपनी कला को देते थे। उन्होंने कहा, हम अपने कॉलेज की इमारत की छतों पर लेटकर तारों से जगमगाते आसमान के नीचे नाटक पढ़ते थे और हफ्तों तक रिहर्सल करते थे और शो को ऐसे पेश करते थे जैसे कि यह जीवन और मौत का सवाल हो। सब कुछ दांव पर लगा देने का यह रोमांच इतना बढ़िया था कि पढ़ाई-लिखाई उस रोमांच को पार नहीं कर सकती थी।

अभिनेता ने बताया कि कैसे एक बार उन्हें अपने एक प्रदर्शन के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिला था और वह उस रात सो नहीं पाए थे, क्योंकि प्रशंसा ने उनके अंदर कुछ जगा दिया था। उन्होंने आगे बताया,  नींद की कमी के बावजूद मैं अगले दिन बेहद खुश था कि मैं भी इस भीड़ में मायने रखता हूं। मैं इंजीनियरिंग के बाद भी अमेजन इंडिया में नौकरी करते हुए ओवरटाइम काम करता था। अपनी छुट्टियां जमा करके थिएटर में जाकर परफॉर्म देता था। मुझे एहसास हुआ कि अभिनय मेरा प्यार है और कोई भी प्यार पार्ट-टाइम नहीं चल सकता, इसलिए मैंने पूरी तरह से अभिनय और सिनेमा में कदम रख दिया।

मिर्जापुर 3 के बाद से अभिनेता को सांस लेने की भी फुरसत नहीं है, उनका फोन लगातार बज रहा है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ हफ्ते लोगों से मिर्जापुर 3 के अनुभवों और अपने निजी अनुभवों के बारे में बात करने के मामले में बेहतरीन रहे हैं। प्रशंसकों द्वारा बनाए गए कई स्केच, प्रशंसा के शब्द और असंख्य कॉल मिल रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि शो के तीसरे सीजन के बाद उनकी दिनचर्या में कितना बदलाव आया है, तो उन्होंने कहा, मेरी दिनचर्या वैसी ही है। मुझे यहां तक लाने के लिए मेरी रोजाना की मेहनत और ढेर सारी किस्मत है। अब वे अगली परियोजना के लिए तैयार हैं और अपने आप को नए किरदार और कहानी के लिए तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। अभिनेता ने एक्टिंग कोच अतुल मोंगिया के साथ अपने काम के बारे में भी बात की, जिन्हें इस व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पल्लव ने आईएएनएस को बताया कि अतुल किसी के व्यक्तित्व की कई गांठें खोल देते हैं, जो अभिनेता को पूरी तरह से अभिनय की ओर प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा, उनका काम अभिनेता के 'स्व' के इर्द-गिर्द केंद्रित है और अपने अनुभव के आधार पर वह सबसे संक्षिप्त और प्रभावी तरीके से संदेहों का जवाब दे सकते हैं। वे सिनेमाई माध्यम के मेरे पहले निर्देशक थे और मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

# माउंट मैरी मेले में शामिल हुई तृप्ति डिमरी

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का नाम बॉलीवुड की उभरती हुई शानदार अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हैं। उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग भी है, हाल ही में वह 'बैड न्यूज' में नजर आईं। अभिनेत्री को मुंबई में माउंट मैरी मेले में देखा गया। यहां वह इस मेले का हिस्सा बनीं इसका हिस्सा बनकर वह बेहद खुश नजर आईं। उन्होंने मेले में गुब्बारे उड़ाए और ऐतिहासिक माउंट मैरी चर्च में मनाए जाने वाला यह जीवंत उत्सव को मनाया।





# ...तो घर में जरूर रखें बांसुरी

भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी बहुत प्रिय है। बांसुरी कृष्णजी को प्रिय होने के कारण उसको प्रकृति का अनुपम वरदान है। ज्योतिष के अनुसार बांसुरी का इस्तेमाल अगर सोच समझकर किया जाए तो यह हमें कई प्रकार के दोषों से बचाती है। वास्तु और फेंगशुई के अनुसार, बांसुरी को अगर घर, दुकान में रखा जाए है तो इसके कई लाभ मिलते हैं। बांसुरी से होने वाले लाभ कौन-कौन से है, आइए जानते है।

- फेंगशुई विद्या के अनुसार, बांसुरी घर में रखना बहुत शुभ माना गया है। यह उन्नति और प्रगति दोनों देने में बहुत सहायक है। इस प्रकार बांसुरी प्रकृति का एक अनुपम वरदान है।
- बांसुरी बांस से बनी होती है तथा इसके पौधे को दिव्य माना जाता है। अत: घर में बांसुरी का प्रयोग करके कई तरह से लाभ उठाया जा सकता है।
- बांसुरी के संबंध में एक धार्मिक मान्यता है कि जब बांसुरी को हाथ में लेकर हिलाया जाता है तो बुरी आत्माएं दूर हो जाती हैं।
- जब बांसुरी को बजाया जाता है तो ऐसी मान्यता है कि घरों में शुभ चुम्बकीय प्रवाह का प्रवेश होता है।
- यदि सोच-समझकर इसका उपयोग किया जाए तो दोषों का बिना किसी तोड़-फोड़ के निवारण कर अशुभ फलों से बचा जा सकता है।
- ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति अपनी नौकरी से परेशान रहता हैं, बांसुरी उसकी सारी मुश्किलें आसान कर सकता है।
- जो व्यक्ति काफी मेहनत के बाद भी अपने बिजनेस में सफलता हासिल नहीं कर पाते उनके लिए बांस से बनी यह बांसुरी उन्नति और समृद्धि दोनों देने में सक्षम है। अत: उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करते हुए अपने दुकान की छत पर दो बांसुरी चिपकानी चाहिए या टांग देनी चाहिए। यह बहुत ही सरल उपाय है जो आपको अपने बिजनेस में उन्नति के शिखर पर ले जाएगा।



# सूर्यास्त के बाद झाड़ू-पौंछा न करें

**धार्मिक गंथों में ऐसी कई सार्वभौमिक सत्य बातें बताई गई हैं, जिनका अनसुरण कर हम अपना सौभाग्य लिख सकते हैं या प्रतिकूल ग्रहों को अनुकूल बना सकते हैं। आइए जानें ऐसी पांच चीजों के बारे में जो हमारे अच्छे व सुखद भविष्य की भी नींव रखती हैं।**

## थाली में न छोडें झूठा अन्न

शास्त्रानुसार कभी भी खाने की प्लेट में जूठा नहीं छोडना चाहिए और न ही कभी जूठे बर्तनों को यूं ही पढ़े रहने देना चाहिए। रात को सोने से पहले सभी जूठे बर्तन धो लेने चाहिए अन्यथा इससे घर में अशांति का वातावरण बनना शुरु हो जाएगा जो अंतत: घर के दुर्भाग्य में बदल जाएगा।

## बैड को रखें नीट एंड क्लीन

शास्त्रों के अनुसार बेडरूम सुव्यवस्थित तथा साफ-सुथरा होना चाहिए। खास तौर पर बिस्तर पर बिछी हुई चादर बिल्कुल साफ होनी चाहिए साथ ही कमरे में कचरा नहीं फैला होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उस बिस्तर पर सोने वाले का सौभाग्य भी दुर्भाग्य में बदल जाता है।

## जगह-जगह थूकना लाता है दुर्भाग्य

कहीं भी थूक देना (विशेष तौर पर घर में, देव मंदिरों में, सार्वजनिक स्थानों पर) शास्त्रों में पूरी तरह गलत बताया गया है। इससे घर की लक्ष्मी रूठ कर चली जाती है। हमें यथासंभव अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर की सुख-शांति खत्म हो जाती है और कंगाली घर में प्रवेश कर जाती है।

## बाथरूम को रखें साफ-सुथरा

बाथरूम को चन्द्रमा का स्थान माना गया है। जिन घरों में बाथरूम गंदा रहता है या अस्त-व्यस्त पड़ा रहता है, उन घरों के स्वामी की कुंडली में चन्द्रमा पर ग्रहण लग जाता है जिससे उस घर में रहने वालों की मानसिक शांति समाप्त हो जाती है तथा वहां धन की कमी होने लगती है।




# पूजा में भगवान श्रीगणेश जी का है सर्वश्रेष्ठ स्थान

हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार, किसी भी शुभ काम के करने से पहले गणेश पूजन आवश्यक हैं। इससे प्रसन्न होकर गणेश जी सारे काम निर्विघ्न कर देते हैं। हिन्दू संस्कृति और पूजा में भगवान श्रीगणेश जी को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। प्रत्येक शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जाती अनिवार्य बताई गयी है। देवता भी अपने कार्यों की बिना किसी विघ्न से पूरा करने के लिए गणेश जी की अर्चना सबसे पहले करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी की पूजा में दूर्वा का सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जाती है और साथ ही यह मान्यता है कि गणपति को दूर्वा चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। ऐसे में दूर्वा को पूजन परंपरा से जोडकर उन्होंने दुर्लभ वनस्पतियों को बचाने का संदेश दिया है क्योंकि इससे हम धरती की रक्षा कर अपने लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकेंगे।

ऐसे में कहा जाता है गणपति की साधना-अराधना के लिए बताए गए 108 नाम के बारे में जिनके जप करने से भीतरी आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। यह भी माना जाता है कि श्री गणेश जी के 21 नाम वालें मंत्रों और 21 पेड़ों के पत्तों को अर्पित करने पर उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

मान्यता है कि पूजन की इस परंपरा के पीछे जीवनदायक प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को न काटने का गूढ़ रहस्य छिपाया गया है। वहीं इस बात को कहने का तात्पर्य गणपति की साधना-अराधना से जुड़े इन वृक्षों संरक्षण किया जाना चाहिए। श्री गणेश नाम वृक्षों के नाम आइए जानते हैं।



## इन मंत्रों का करें जाप

ओम सुमुखाय नम: शमी पत्र।
ओम गणाधीशाय नम: भृंगराज पत्र।
ओम उमापुत्राय नम: बेल पत्र।
ओम गजामुखाय नम: दूर्वापत्र।
ओम लम्बोदराय नम: बेर का पत्र।
ओम हर पुत्राय नम: धतूरे का पत्र।
ओम शूर्पकर्णाय नम: तुलसी के पत्र।
ओम वक्रतुण्डाय नम: सेम का पत्र।
ओम गुहाग्रजाय नम: अपामार्ग पत्र।
ओम एकदंताय नम: भटकटैया पत्र।
ओम हेरम्बाय नम: सिंदूर पत्र।
ओम चतुर्होत्रे नम: तेज पत्र।
ओम सर्वेश्वराय नम: अगस्त पत्र।
ओम विकटाय नम: कनेर पत्र।
ओम हेमतुण्डाय नम: केला पत्र।
ओम विनायकायनम: आक पत्र।
ओम कपिलाय नम: अर्जन पत्र।
ओम वटवे नम: देवदारू पत्र।
ओम भालचंद्राय नम: महुए के पत्र।
ओम सुराग्रजाय नम: गांधारी पत्र।
ओम सिद्धि विनायक नम: केतकी पत्र।

## परिवार और व्यक्ति के दुख दूर करते हैं यह सरल उपाय

बुधवार के दिन घर में सफेद रंग के गणपति की स्थापना करने से समस्त प्रकार की तंत्र शक्ति का नाश होता है।

धन प्राप्ति के लिए बुधवार के दिन गणेश को घी और गुड़ का भोग लगाएं। थोड़ी देर बाद घी व गुड़ गाय को खिला दें। ये उपाय करने से धन संबंधी समस्या का निदान हो जाता है।

परिवार में कलह कलेश हो तो बुधवार के दिन दूर्वा के गणेश जी की प्रतिकात्मक मूर्ति बनवाएं। इसे अपने घर के देवालय में स्थापित करें और प्रतिदिन इसकी विधि-विधान से पूजा करें। घर के मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कोई भी नकारात्मक शक्ति घर में प्रवेश नहीं कर पाती है।

# तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं

हर व्यक्ति के जीवन में शांति और सम्पन्नता का होना जरूरी है और सम्पन्नता के लिए लक्ष्मी का प्रसन्न होना बेहद आवश्यतक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ खास बातें नहीं की जाएं तो लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद हमेशा बना रहता है।

- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के दरवाजों को कभी भी ना खटखटाएं। घर के गेट पर बैल लगाएं या आवाज देकर मालिक को बुलाएं। गेटों को खटखटाने और बजाने से वास्तु दोष बढता है। ऐसे में लक्ष्मी वहां ज्यादा दिनों तक टिकती नहीं है।
- वास्तु के अनुसार सर्वप्रिय देव श्रीगणेश की मालिक द्वारा आराधना जरूरी होती है। यदि घर का मालिक सुबह उठकर श्रीगणेशजी का ध्यान कर पूजा-अर्चना करता है तो घर के वास्तु दोष तुरंत दूर होते हैं।
- वास्तु के अनुसार तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं, इससे जीवन में अशुभता आने लगती है। तुलसी जी के पौधे को पूर्व या उत्तर में लगाना उचित रहता है।
- गंदे कपडे पहनने से भी वास्तु दोषों में बढोतरी होती है। कोशिश करें कि दो दिन के अलावा तीसरे दिन भी पुराने कपडे नहीं पहनें।
- घर की सफाई रात को करना भी वास्तु के अनुसार ठीक नहीं है। कहते हैं कि शाम को जो धूल एकत्रित होती है, वही लक्ष्मी जी की कृपा होती है।






# सकारात्मक ऊर्जा और तन-मन की शांति के लिए..

**धार्मिक ग्रंथों के अनुसार अच्छी सेहत और प्रसन्न तन-मन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स दैनिक व्यवहार में लाकर आप एक सुंदर एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।**

- सूर्योदय से पूर्व उठने की आदत डालें, इससे सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है जो तन, मन और मस्तिष्क को शांत करती है।
- प्रात: काल आसपास के खुले स्थान, पार्क या भवन की छत पर जाकर पूर्व दिशा की ओर मुंह करके थोड़ा व्यायाम करें और लंबी सांस लें। इससे प्रकृति में सुबह के समय व्याप्त सकारात्मक ऊर्जा यानी आक्सीजन का भरपूर उपयोग करके आप शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए भोजन करते समय आपका मुख सदा पूर्व या उत्तर में रहे। कभी भी पलंग पर बैठकर, खड़े होकर या आड़े-तिरछे बैठकर भोजन न करें।
- भोजन या तो भूमि पर आसन बिछाकर करें या फिर डायनिंग टेबल का प्रयोग करें। विधिवत भोजन करने से शरीर चुस्त दुरूस्त रहता है।
- खाना खाते वक्त टेलीविजन नहीं देखें, इससे उत्पन्न होने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से सभी ज्ञानेंद्रियों पर विपरीत असर पड़ता है। इससे पेट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अत: भोजन करते समय टेलीविजन देखने की बजाए पारिवारिक दिनचर्या पर गपशप करें।
- दवाइयों को डायनिंग टेबल पर नहीं रखें, ये नकारात्मक ऊर्जा की प्रतीक होती है। ऐसा करके हम दवाइयों को भोजन का हिस्सा बनाने का निमंत्रण देते हैं, ऐसा नहीं करें।
- यदि घर में बच्चों या वृद्धों के लिए कुछ टॉनिक आदि का प्रयोग कर रहे हों, तो ऐसे टॉनिक की शीशियां व डिब्बे घर की पूर्व दिशा में बनी आलमारियों में रखें और किसी बीमारी से संबंधित दवाइयों को दक्षिण या पश्चिम में रखें।
- भोजन पूर्व की तरफ मुंह करके ही बनाएं। यह सेहत के लिए उत्तम और सुखदायी होता है। रसोईघर आग्नेय कोण में ही बनाएं। रसोईघर की व्यवस्था उत्तर-पूर्व में न करें। यह धन और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ज्वलनशील पदार्थों को भी दक्षिण-पूर्व में रखें।
- रसोईघर की दीवारों का रंग हल्का पीला, नारंगी या हल्का लाल रखें। जिससे भोजन सुपाच्य होकर भूख बढ़ाने में सहायक साबित होगा। जब एक साथ मिलकर सभी खाना खा रहे हों, तो घर के मुखिया का मुंह पूर्व में तथा अन्य सदस्यों का मुंह उत्तर या पश्चिम में होना चाहिए। दक्षिणामुख कभी नहीं बैठें। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। हाथ आदि साफ कर प्रसन्नतापूर्वक खाने से आरोग्यता बढ़ती है।



# गोमेद एक खूबसूरत रत्न

## जीवन को भी बना देता है सुंदर

ज्योतिष विज्ञान में गोमेद को एक खूबसूरत रत्न माना गया है, जो जीवन को सुंदर बना देता है। गोमेद सबसे लाभदायक रत्नों में से एक माना गया है। गोमेद राहु ग्रह से संबंधित रत्न माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में राहु को पाप ग्रह माना जाता है अत- ज्योतिषाचार्यों द्वारा राहु के दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए गोमेद रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। ध्यान रखने योग्य यह है कि गोमेद के साथ माणिक्य, मूंगा और पुखराज नहीं पहनना चाहिए।

यह रत्न जहां रुके कार्यों पूर्ण करने का कार्य करता है, वहीं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता देता है। ज्योतिषियों की मानें तो जन्म कुंडली की दशाओं को जानकर ही इस रत्न को धारण करना उचित रहता है। इतना ही नहीं गोमेद ब्लड कैंसर, कम सुनाई देना, आंखों तथा जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियों से भी निजात दिलाता है। गोमेद एक चमकदार और अपारदर्शी रत्न है। यह गहरे भूरे अथवा लाल रंग की तरह होता है। इसे गारनेट समूह का रत्न माना जाता है। यह दुनिया में कई स्थानों पर पाया जाता है। गोमेद मुख्य रूप से यह भारत, श्रीलंका और ब्राजील में आसानी से मिल जाता है तथा साउथ अफ्रीका, थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी यह रत्न पाया जाता है। राहु ग्रह से संबंधित इस रत्न को हिन्दी में गोमेद और अंग्रेजी में हैसोनाइट स्टोन कहते हैं। गोमेद रत्न 6 रत्ती से कम का धारण नहीं करना चाहिए। यह रत्न शनि की होरा में शुक्ल पक्ष के किसी भी शनिवार को पहनना अतिशुभ माना गया है। यदि शनिवार के दिन शतभिषा, स्वाती या आर्द्रा नक्षत्र में इसे धारण किया जाए तो गोमेद की शुभता अधिक बढ़ जाती है।

### रत्न धारण करने की विधि

गोमेद रत्न की अंगूठी को सबसे पहले गंगा जल, दूध, शहद और मिश्री के घोल में डालकर एक रात उसमें ही रहने दें। तत्पश्चात ऊँ रां राहवे नम- मंत्र का 108 बार जाप करके कनिष्का में धारण करना चाहिए।

### किस अंगुली में धारण करें

इसे चांदी या अष्टधातु की अंगूठी में जड़वा कर पहनना उचित रहता है। राहु का रत्न गोमेद को कनिष्का ऊंगली में पहनना चाहिए, क्योंकि मिथुन राशि में उच्च का होने से बुध की अंगुली कनिष्का में पहनना शुभ फलदायी रहता है। यह राहु के अशुभ प्रभाव को दूर करता है। गोमेद धारण करने से राहु की दशा-महादशा को दुष्प्रभावों से निजात मिलती है। यह रत्न शत्रुओं पर विजय दिलाने वाला भी माना जाता है, इतना ही नहीं इसे धारण करने से सकारात्मक विचार, एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

### कौन धारण करें

इसे राजनीतिज्ञ, जासूसी, जुआ, सट्टा खेलने वाले तथा तंत्र या मंत्र विद्या से जुड़े व्यक्ति पहनते हैं। कौन ना पहने ये रत्न- जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु 5वें, 8वें 9वें 11वें या 12वें स्थान पर हो उन्हें गोमेद धारण नहीं करना चाहिए। इससे नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है तथा जिनका व्यापार-व्यवसाय राहु ग्रह से संबंधित हो उन्हें भी यह रत्न नही पहनना चाहिए।

# पीतल का शेर देगा आपको आत्मविश्वास...

**घर का सामान आपके जीवन, धन-संपत्ति और खुशहाली के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व पर भी गहरा प्रभाव डालता है। वास्तुशास्त्र के कुछ मौलिक सिद्धांत तो लगभग सभी लोगों को मालूम होते भी हैं, मसलन दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए, उत्तर दिशा में तिजोरी रखना और घर में गंदगी इकट्ठी ना होने देना...वगैरह-वगैरह।**

लेकिन कुछ वास्तु टिप्स ऐसे होते हैं, जो आपके व्यक्तित्व पर भी बहुत गहर असर छोड़ते हैं। अगर आप उदास रहते हैं या फिर आपको लगता है कि आत्मविश्वास की कमी के कारण आप अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं या आपको अन्य लोगों के समक्ष अपनी बात रखने में झिचक होती है तो हम आपको एक ऐसा वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके लिए बेहद कारगर सिद्ध हो सकता है। पीतल धातु से बना शेर, ना सिर्फ आपके घर की शोभा को बढ़ाता है बल्कि आपके भीतर छिपी हीन भावना या आत्मविश्वास की कमी को भी समाप्त करता है।

वास्तुशास्त्र के विशेषज्ञों के अनुसार अगर पीतल धातु से बने शेर को घर की पूर्वी दिशा में स्थापित करते हैं तो यह आपके सेल्फ कॉफिडेंस में गजब का उछाल लाता है। बस एक बात का ध्यान रखें कि जब आप शेर को अपने घर में स्थापित करें तो उसका मुख घर के केन्द्र में होना चाहिए।

## सहकारी समिति की सधारण सभा 14 दिसम्बर को होगी आयोजित

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निसं.)।** जमवारामगढ़ उपखण्ड क्षेत्र की बिरासना ग्राम सेवा सहकारी समिति की सधारण सभा 14 दिसम्बर 2024 को समिति अध्यक्ष प्रहलाद नारायण शर्मा की अध्यक्षता में समिति परिसर पर आयोजित होगी। बिरासना ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने बताया कि साधारण सभा में समिति के समस्त सदस्यों को साधारण सभा की सूचना दे दी गई है।व्यवस्थापक ने बताया कि साधारण सभा में समिति की वार्षिक साधारण सभा वर्ष 2023-24 दिनांक 14.12.2024 को समिति कार्यालय पर प्रातः 11.00 बजे आयोजित की जावेगी।व्यवस्थापक के अनुसार साधारण सभा में गत वार्षिक साधारण सभा की पुष्टि पर विचार। वर्ष 2023-24 के सन्तुलन चित्र, व्यापार व लाभ-हानि खातों के अनुमोदन पर विचार।वर्ष 2024-25 की बजट स्वीकृति के अनुमोदन पर विचार। अवधिपार ऋणों की वसूली पर विचार । वर्ष 2023-24 की आडिट रिर्पोट पठन पर विचार।आडिट रिर्पोट 2023-24 के आक्षेपों की पूर्ति पर विचार सहित अन्य विषय पर अध्यक्ष की अनुमति से विचार किया जावेगा।व्यवस्थापक ने बताया कि इन सभी विषयों पर उपस्थित कोरम के समक्ष गहनता से विचार विमर्श किया जाएगा तथा समिति का आय-व्यय का ब्यौरा भी कोरम में रखा जायेगा।

## ग्राम विकास के कार्यों को लेकर विधायक से की मुलाकात



जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निसं.)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत धुलारावजी की समस्याओं को लेकर सतीश शर्मा धूलारावजी के नेतृत्व में रविवार को जमवारामगढ विधायक महेंद्र पाल मीणा से मुलाकात कि गई । सतीश शर्मा धूलारावजी ने बताया कि ग्राम पंचायत धुलारावजी में पंचायत मुख्यालय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए विभाग के लिए जमीन आवंटित हो चुकी है इसके नवीन भवन के लिए बजट स्वीकृत करवाने एवं पीएचसी धूलारावजी में रिक्त पद पर एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध करवाने ,ग्राम पंचायत मुख्यालय पर हाईमास्ट लाइट लगवाने, पंचायत मुख्यालय और गांव की समस्त ढाणियों में स्वीकृत जल जीवन मिशन योजना के कार्यों को शुरू करवाने ,खेजडा मोदी के दुकान से मियावली ढाणी, पीर बाबा से सानकोटड़ा ढाणी व बलाईयो की ढाणी खेड़ा से सुंदरपुरा होते हुए जयसिंहपुरा तक डामरीकरण सड़क निर्माण हेतु निम्न समस्याओं से अवगत कराया और इनको पूरा करवाने के लिए बोला गया । विधायक ने जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान अन्य ग्रामीण लोग भी मौजूद रहे ।

## राष्ट्र के प्रथम रक्षा प्रमुख को पुण्य तिथि पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन



जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निसं.)।** माँ भारती के रक्षा में मुस्तैद तीनों सेनाओं के सर्वोच्च पद रक्षा प्रमुख के पद पर आसीन होने वाले प्रथम रक्षा प्रमुख जनरल विपिन रावत की पुण्य तिथि पर उपखण्ड जमवारामगढ़ के राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिवपुरा के परिसर में युवाओं,विद्यार्थियों ,अभिभावकों व शिक्षकों ने मिलकर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । प्रधानाध्यापक राज कुमार शर्मा ने कहा कि जनरल विपिन ने अपने कर्त्तव्य का निर्वहन जिस शिद्दत से किया वह अनुकरणीय व ऐतिहासिक है । उन्होंने मा भारती के सेवा में अपने दायित्व को निभाते हुए प्राणोत्सर्ग किया। विपिन रावत ने राष्ट्र की रक्षा व्यवस्था को एक नया मुकाम प्रदान करके पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया ।

## अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा के मीडिया प्रभारी बने देवाल

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा राजस्थान ने फुलेरा निवासी राजकुमार देवाल को प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है । महासभा के राष्ट्रीय संयोजक बी.एम. रोजडे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर छत्रपति के निर्देशानुसार राजकुमार देवाल को अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है । संयोजक रोजडे ने देवाल को नियुक्त कर समाज और देश हित में पूर्ण रूप से समर्पित होकर तन मन धन से कार्य करने व संगठन संविधान के तहत दायित्व और अनुशासन का गरिमा पूर्वक पालन करने के लिए निर्देशित किया है। महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बनने पर समाज के गणमान्य लोगो ने देवाल को बधाई देते हुए राष्ट्रीय संयोजक रोजडे का आभार प्रकट किया है । नियुक्ति पर समाज में हर्ष व्याप्त है।



# प्रदेश सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर पंच गौरव को प्रोत्साहन

### जिले की 5 चीजों को प्रमोट करेगी सरकार

### सवाई माधोपुर में मार्बल मूर्तियां, रणथम्भौर टाईगर रिजर्व, अमरूद, फुटबॉल, नीम

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राज्य सरकार ने हर जिले में पांच चीजों को प्रमोट करने के लिए पंच गौरव में शामिल किया है। इसके तहत हर जिले के पांच तत्वों के रूप में एक उपज, एक वानस्पतिक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल और एक खेल पर विशेष फोकस करते हुए इनकी मार्केटिंग की जाएगी। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि जिले में पंच गौरव मार्बल मूर्तियां, रणथम्भौर टाईगर रिजर्व, अमरूद, फुटबॉल, नीम चिन्हित किए गए हैं। इनकी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को दी गई है। उन्होंने बताया कि पंच गौरव को प्रोत्साहन देने के लिए कृषि, वन, पर्यटन, उद्योग एवं खेल विभाग नोडल के रूप में कार्य करेंगे। जिले में रणथम्भौर टाईगर रिजर्व व अन्य पर्यटन के माध्यम से हजारों परिवारों को रोजगार मिल रहा है। सवाई माधोपुर जिले का अमरूद अपनी की गुणवत्ता व उत्पादन के कारण राजस्थान ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत में विशिष्ट पहचान रखता है। वर्तमान में करीब 8 हजार कृषक 12 हजार 500 हैक्टेयर में अमरूद की खेती कर रहे हैं। यहां लगभग 3 लाख 37 हजार 500 मैट्रिक टन अमरूदों का का उत्पादन प्रतिवर्ष होता है। यहां एल-49, इलाहबादी सफेदा, गोला/बर्फखान आदि अमरूद के किस्में मुख्य रूप से उगाई जा रही है। सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय से 67 किलोमीटर व बौंली तहसील से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर बांसटोरडा ग्राम में करीब 35 से 40 हस्तशिल्पी परिवार मार्बल से विभिन्न देवी-देवताओं भगवान बुद्ध, भगवान महादेव, श्री कृष्ण, राधा-कृष्ण, हनुमान जी, भगवान महावीर, काली माता, दुर्गा मॉ, नव दुर्गा सहित महापुरूषो, विभिन्न जीव-जन्तुओं की छेनी-हथोड़े, औजारों से पत्थरों को तराशकर अपने हाथों से जीवन्त मूर्तियां बनाते है। शिल्पी झिरी (दौसा), मकराना, (नागौर), भैंसलाना (जयपुर), चित्तौड़ अम्बाजी गुजरात, इटली तथा वियतनाम से भी कच्चा माल मंगाते है। अच्छी गुणवत्ता कम कीमत की मूर्तियां होने के कारण जयपुर सहित राज्य के अन्य जिलों तथा पड़ौसी राज्यों हरियाणा, पंजाब, गुजरात आदि में वहां के स्थानीय बाजारों में विक्रय हेतु भेजा जाता है। सरकार से पहचान मिलने पर मार्बल मूर्तिकला का प्रचार-प्रसार होगा और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। बजट घोषणा 2023-24 में एक जिला एक खेल के तहत फुटबॉल खेल अकादमी खोलने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। फुटबॉल सवाई माधोपुर के युवाओं एवं बच्चों के बीच भी खासा लोकप्रिय है। यह खेल नियमित रूप से यहां के युवाओं व बच्चों द्वारा जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र (दशहरा मैदान, छोटा राजबाग, बड़ा राजबाग, साहूनगर, चौथ का बरवाड़ा) के खेल मैदानों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों एवं ग्रामीण स्तर पर युवाओं द्वारा खेला जाता है। इस खेल की लोकप्रियता के कारण सवाई माधोपुर में फुटबॉल खेल अकादमी की स्थापना किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। 15 खिलाड़ी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपने खेल, कौशल का परिचय दे चुके है।

## राजसमंद में गृह राज्य मंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा, अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को राजसमंद एसपी ऑफिस में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की कानून व्यवस्था का गहन समीक्षा की। बैठक में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा, एसपी मनीष त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बेढम ने महिलाओं के खिलाफ अपराध, साइबर क्राइम, मादक पदार्थों की तस्करी और सड़क हादसों पर चर्चा करते हुए पुलिस को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जनता के साथ मित्रवत व्यवहार करने पर विशेष जोर दिया। गृह राज्य मंत्री ने कहा, "राजस्थान सरकार अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। पुलिस को निर्देशित किया गया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई कमी न रहे।" उन्होंने पुलिस संसाधनों को मजबूत करने और जनता को जागरूक करने की भी अपील की। कुंभलगढ़ विधायक राठौड़ ने पर्यटकों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की सराहना की और सहयोग का आश्वासन दिया। राजसमंद विधायक माहेश्वरी ने अपराधमुक्त समाज बनाने के लिए पुलिस-जनता संवाद बढ़ाने पर जोर दिया और पुलिस की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा की। बैठक के अंत में अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में तत्परता का भरोसा दिलाया।

## आंगनबाड़ी केंद्र कोठिया में पोलियो की दवा पिला कर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** शाहपुरा में रविवार को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर आर एस शेखावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वी डी मीना, विश्व स्वास्थ्य संगठन से एस.एम.ओ डॉ स्वाति द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कोठिया में नन्हें-नन्हें बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया। शुभारंभ में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ देवेंद्र शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर दिनेश नागर शक्ति सिंह मीणा पीएचएस वअन्य स्टाफ मौजूद रहे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीडी मीना ने बताया कि इस टीकाकरण महाअभियान में जिले के नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के लक्षित 91 हजार नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई गयी।टीकाकरण का समय प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक रहा। जिले में 626 बूथ स्थापित किए गए। इस हेतु क्षेत्र में 102 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए। पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन पोलियो रविवार को



बूथ पर व इसके बाद अगले दो दिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायेगी। जिला प्रजनन एंव शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भागीरथ मीना ने बताया की अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है।

## बीहड़ में आग लगी, वन्यजीवों को नुकसान की संभावना

जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** शाहपुरा जिले के वन्य क्षेत्र के ढीकोला के अंतर्गत आने वाले कर्मड़ास बीहड़ क्षेत्र में रविवार दोपहर बाद जंगल से होकर गुजर रहे बिजली के खम्बो से निकली चिंगारीयों से आग लग गई। वन अधिकारी थानमल परिहार ने बताया कि बिहड़ क्षेत्र में बिजली के खम्बो से निकली चिंगारियां से आग लग गई। जिसकी वजह से करीब 8 हेक्टेयर क्षेत्र में आग फैल गई।आग की लपटे और धुंआ दूर-दूर तक देखा गया। आग की लपटे धीरे-धीरे करीब 8 हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई और काफी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन अधिकारी थानमल परिहार,वनपाल तथा नाका स्टाफ मौके पर पहुंचा तथा फायर ब्रिगेड की सहायता से करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। वन अधिकारी परिहार ने बताया कि वन्य जीवों को भी नुकसान पहुंचाने की संभावना है। आग की वजह से कितने वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा है। इसका आकलन किया जा रहा है।इस दौरान सहायक वनपाल आबिद खान, घीसुदास, सत्य नारायण भाट टेक्नीशियन, नारायण भील सहित ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।



## 'एक दौड़ शूरवीरों के नाम' में पूर्व नायक उदयवीर सिंह यादव ने दिखाया अदम्य साहस



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को समर्पित 'एक दौड़ शूरवीरों के नाम' का आयोजन साउथ वेस्टर्न कमांड द्वारा 8 दिसंबर 2024 को अल्बर्ट हॉल, जयपुर में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेना के पूर्व नायक उदयवीर सिंह यादव रहे, जिन्होंने देश सेवा के दौरान दिव्यांग होने के बावजूद इस दौड़ में हिस्सा लेकर अदम्य साहस और हौसले का परिचय दिया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने उदयवीर सिंह यादव की सराहना करते हुए कहा, "देश सेवा के लिए समर्पित ऐसे नायक हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। दिव्यांगता के बावजूद उनका हौसला और उत्साह युवाओं के लिए मिसाल है।" 'रन फॉर वेटरन्स' का उद्देश्य सेना के पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान और समाज में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना था। इस दौड़ में बड़ी संख्या में सेना के जवानों, पूर्व सैनिकों और नागरिकों ने भाग लिया। उदयवीर सिंह यादव ने अपनी भागीदारी से यह संदेश दिया कि देशभक्ति और साहस किसी भी बाधा से बढ़कर हैं। कार्यक्रम के अंत में साउथ वेस्टर्न कमांड के अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। 'एक दौड़ शूरवीरों के नाम' जैसे आयोजन न केवल सेना के शूरवीरों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं, बल्कि समाज को उनके योगदान के प्रति जागरूक भी करते हैं।

## 6394 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** राष्ट्रीय प्लस पोलियो दिवस पर चिकित्सा विभाग द्वारा 0-5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अंसार खान ने बताया कि सेक्टर के 32 बूथों पर 6394 बच्चों को दवा पिलाई गई।कोल्ड चेन प्रभारी सारम्मा जॉन,सुपरवाइजर अख्तर हुसैन,सुमित धाकड़,दिनेश धाकड़,सम्पत पाटनी व पप्पू मेहर द्वारा सहयोग किया गया।जो बच्चे दवा पीने से छूट गए हैं उन्हें सोमवार व मंगलवार को घर-घर जा कर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

## बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ की हड्डी -शक्तावत



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** भाजपा संगठन संरचना पर्व के तहत बूथ अध्यक्षों के चुनाव के क्रम में आज श्यामपुरा के ग्राम मठ में बैठक आयोजित की गई। चुनाव प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा ने संगठन चुनाव का महत्त्व बताते हुए केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए चुनाव प्रकिया संपन्न करवाई। पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह शक्तावत ने बूथ अध्यक्ष को पार्टी की रीढ़ की हड्डी बताकर सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ता को बूथ अध्यक्ष बनाने का आह्वान किया। श्यामपुरा शक्ति केंद्र पर 177 बूथ पर रामराज मीणा,178 बूथ पर रामदेव खटीक, 179 बूथ पर दिलखुश मीणा को बूथ अध्यक्ष बनाया गया। शक्ति केंद्र प्रभारी महावीर आगाल, पूर्व मंडल महामंत्री वेदप्रकाश तिवाडी व अनिल खटीक,लेखराज मीणा,प्रकाश मीणा,कैलाश सेन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क स्वीकृति पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का ग्रामवासियों ने किया अभिनंदन

### डोला का बास से घिनोई तक 1.5 किमी लंबाई की सड़क में आएगी 45 लाख की लागत



**चौमूँ(निसं.)।** ग्राम पंचायत डोला का बास से घिनोई तक सार्वजनिक निर्माण विभाग से सड़क स्वीकृति और कार्य प्रारंभ पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का अभिनंदन किया गया। पूर्व विधायक शर्मा ने सड़क स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। ग्राम डोला का बास में आयोजित अभिनंदन समारोह में ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर अभिनंदन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। डोला का बास से घिनोई तक 1.5 किलोमीटर लंबाई की सड़क के निर्माण में 45 लाख की लागत आएगी। साथ ही इस मोके पर तोफान मीणा की ढाणी में इंटर ब्लॉक सी सी निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि डोला का बास से घिनोई तक सड़क निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस मौक़े पर सरपंच सुल्तान बुनकर, पूर्व प्रधान महेश मीणा, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, पंचायत समिति सदस्य गीता यादव, जगदीश करीरा, तोफान मीणा, दामोदर मीणा, मोहनलाल यादव, बलवीर सिंह, बंशीधर यादव, ओमप्रकाश जांगिड, रामस्वरूप वर्मा, देवतराम, हंसराज, रामचंद्र, सुवालाल, बजरंग लाल, नंदराम, भंवरलाल मीणा, पूर्व सरपंच विष्णु नागर, मुकेश शर्मा, सुरेश शर्मा, जे पी गेट सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विवेक सुषमा धाकड़ चैरेटीबल ट्रस्ट की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** विवेक सुषमा धाकड़ चैरेटीबल ट्रस्ट की बैठक अध्यक्ष दीप शिखा धाकड़ की अध्यक्षता में आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कुल कार्यालय पर आयोजित हुई। जन सहयोग से ट्रस्ट को आर्थिक रूप से मजबूत कर 13 मई को पूर्व की भांति रक्तदान शिविर को अनवरत जारी रखने के साथ ही चिकित्सा, शिक्षा तथा सामाजिक क्षेत्र के जन हितार्थ कार्य करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़ के जन्मदिन के पर 18 जनवरी को विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर और उनकी पुण्य तिथि 4 अप्रेल को श्रद्धांजली कार्यक्रम के दौरान गोशालाओं में चारा डालने के साथ ही क्षेत्र के प्रमुख चिकित्सालयो में मरीजों को फल वितरण किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व जिला प्रमुख तथा ट्रस्टी इंजी. कन्हैया लाल धाकड़ ,उप प्रधान कैलाश धाकड़ ,ऊपरमाल किसान पंचायत के सरपंच नारायण लाल धाकड़ समेत बड़ी संख्या में नव युवक मौजूद रहे।



## जेसीआई जयपुर ओएसिस ने मनाया दिवाली मिलन समारोह "सुरूर ए महफ़िल"

**जयपुर(कासं.)।** जेसीआई इंडिया के जयपुर चैप्टर जेसीआई जयपुर ओएसिस ने दिवाली मिलन समारोह "सुरूर ए महफ़िल" का आयोजन होटल ग्रैंड उनियारा में किया। इस अवसर पर गजल और शायरी के लिए प्रसिद्ध दिलबार हुसैन ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। जेसीआई जयपुर ओएसिस की अध्यक्ष जैसी राशि मित्तल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सदस्यों के बीच उत्सव का माहौल साझा करना था।


शेखावाटी जयपुर टाइम्स

चूरू, सोमवार
9 दिसम्बर, 2024

## सेठ सांवरिया मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम कल से

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे के एसबीआई बैंक के सामने सेठ साँवरिया मंदिर में 3 दिवसीय धार्मिक आयोजित होंगे। सेठ साँवरिया मंदिर के महंत मनीष भैया ने बताया कि मंगलवार को बाबा श्याम के रात्रि कीर्तन होंगे जिसमें गायकार होंगे दिप आदित्य फतेहाबाद,सनी सेठ चंडीगढ़ व कलकत्ता के गायक बाबा श्याम के भजनों पर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। साथ ही हिसार की सुनील अनिल सम्राट तिलकधारी की टीम जागरण में शानदार झांकियों की प्रस्तुति देंगे। फिर 11 दिसम्बर को कस्बे के पांच बती स्थित खेल मैदान से कस्बे के मुख्य बाजार होते हुए सेठ सांवरिया मंदिर में 2100 कलशों से विशाल कलश यात्रा आयोजित की जाएगी जिसमें क्षेत्र की हजारो महिलाएं यात्रा में भाग लेगी। उसके पश्चात 12 दिसम्बर को 21 कुंडीय यज्ञ में 71 जोड़े महायज्ञ में आहुति देंगे। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसादी पाएंगे। इस दौरान मंदिर का 3 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में कलकत्ता की टीम मंदिर का फूलो से अलौकिक श्रृंगार करेंगे। महंत मनीष भैया ने कार्यक्रम में सन्त समागम कार्यक्रम भी होने की बात कही। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों शोरो से जारी है।



## टूटी सड़क पर डामर से किया पेचवर्क

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** आखिरकार प्रशासन ने टूटी सड़क की सुध ली और उसकी मरम्मत करा दी जिससे वाहन चालकों सहित आमजन को राहत मिली है। गौरतलब है कि **जयपुर टाइम्स** में 6 दिसम्बर के अंक में छपी खबर टूटी सड़क दे रही हादसों को न्योता खबर का असर देखने को मिला। प्रशासन ने खबर के बाद तुरंत प्रभाव से टूटी सड़क पर डामर से पेचवर्क किया। लेकिन स्थानीय लोगो ने पेचवर्क की गुणवत्ता को बेकार बताया। उन्होंने कहा कि पेचवर्क करने के बाद भी जो पेचवर्क किया था, उसकी कंक्रीट उखड़ चुकी है। प्रशासन को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।



## समिट का लाईव टेलिकास्ट कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निसं.)।** जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग ने बताया कि राईजिग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट जयपुर से उद्धाटन कार्यक्रम का लाईव टेलिकास्ट किया जाएगा। साथ ही विभागीय योजनाओं व नीतियों की जानकारी उपस्थित उद्यमियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 9 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे एस. एन.के.पी. महाविद्यालय नीमकाथाना में किया जाएगा।

## किसान संघ की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे में बस स्टेंड स्थित अग्रसेन विश्राम गृह में भारतीय किसान संघ की तहसील कार्यकारिणी की बैठक तहसील अध्यक्ष अशोक बोहरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्राम समिति की गठित करने के लिए चर्चा की गई। साथ ही सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। तहसील कार्यकारिणी की बैठक प्रत्येक महीने की 8 तारीख को करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। 18 दिसंबर को नीमकाथाना में जिला प्रतिनिधि सभा की बैठक होगी जिसमें उदयपुरवाटी के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान जिला सहमंत्री समदर सैनी, किसान नेता धन्नाराम सैनी, नानूराम सैनी, मोहन सैनी, जितेंद्र कुमार ओनाड़ सैनी, सतीश कुमार, भोलाराम, महावीर शर्मा मौजूद रहे।

## प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में पहुंचा लक्ष्मणगढ़ का प्रतिनिधिमंडल



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** राजस्थान पेंशनर समाज के जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में उप शाखा लक्ष्मणगढ़ के प्रतिनिधि भाग लेने लक्ष्मणगढ़ से जयपुर गए। आयोजित अधिवेशन में मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, विशिष्ट अतिथि विधायक गोपाल शर्मा, बाल मुकुंदाचार्य रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने की। अधिवेशन में लक्ष्मणगढ़ से अर्जुन लाल वर्मा, पूर्व आई जी सुमेर सिंह शेखावत, भंवर लाल शर्मा, केसर देव महला, रामेश्वर शर्मा, गोविंद जांगिड़, देवा राम, पाबू सिंह, कुरडा राम, गोपी राम सहित पदाधिकारी व पेंशनर प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से चार साल के मासूम की मौत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** भानीपुरा तहसील के जैतासर गांव के स्टैंड पर शनिवार को कार की टक्कर से जैतासर निवासी 4 वर्षीय हितेश ब्राह्मण की मौत हो गई। भानीपुरा पुलिस ने रविवार को बच्चे के पिता रामनिवास ब्राह्मण की रिपोर्ट पर बच्चें के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। भानीपुरा पुलिस थाने के एएसआई रामेश्वरलाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जैतासर निवासी रामनिवास पुत्र मदनलाल ब्राह्मण ने रिपोर्ट दी है कि शनिवार दोपहर 3 बजे मेरा 4 वर्षीय लड़का हितेश ब्राह्मण मेरे साथ हमारे गांव के बस स्टैंड पर गया था। मैं स्टैंड पर सड़क किनारे खड़ा था और मेरा बच्चा हितेश मेरे आगे खड़ा था। पल्लू की तरफ से आई एक कार के चालक ने कार को तेजगति व लापरवाही से चलाते हुए मेरे बच्चे हितेश को टक्कर मार दी। जिससे मेरा बच्चा सड़क पर गिर गया और कार चालक कार को लेकर सरदारशहर की ओर भाग गया। तुरंत मेरे बच्चे हितेश को लेकर सरदारशहर के राजकीय अस्पताल आए जहां पर डॉक्टरों ने मेरे बच्चे को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद मेरे बच्चे हितेश के शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

## खाटू श्याम के भजनों पर देर शाम तक थिरके श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मुकुन्दगढ़ मार्ग स्थित परसरामपुरिया भवन में रविवार को धर्मानुरागी नीलम भीमसरिया पुत्री राजकुमार टाईवाला की ओर से खाटूश्याम बाबा का दरबार सजाया। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में मण्डावा के प्रसिद्ध गायक कलाकार नरोतम चेजारा एण्ड पार्टी सहित अन्य भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक बाबा खाटूश्याम के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु भजनों की प्रस्तुतियों पर थिरकते रहे। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा से सुख- समृद्धि की कामना की। कलाकारों ने भक्तिमय धुन बजाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उसके बाद आयोजकों ने श्याम बाबा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। नरोत्तम चेजारा ने हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा, मुझे तेरे नाम का सहारा चाहिए, सुबह और शाम बाबा के दर्शन चाहिए, सुनाकर तालियां बटोरीं। उन्होंने श्याम नाम गालो, सहारा मिलेगा, चलो सब खाटू दरबार, आदि भजन प्रस्तुत किए। इन पर श्रद्धालुओं ने देर



रात तक नृत्य किया। फूलों की बौछार हुई। श्याम बाबा के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रयाग भीमसरिया - चूरू, मधुसुधन खेमाणी, रविन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, बनवारीलाल गाड़ोदिया, प. केन्हायालाल शर्मा, अरूण तोलासरिया, योगेश बंसल, झुंझुनूं व संजय कुमार लुधियानवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अन्त में नरेश खेमाणी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर आभार जताया।

## पल्स पोलियो अभियान में सहयोग

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** नेत्रदान व रक्तदान जनजागरण अभियान के जिला संयोजक गणेशदास स्वामी ने रोड़वेज बस स्टेंड पर पोलियो दिवस पर रविवार को अभिभावकों को दवा पिलाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि स्वामी पिछले 30 वर्षो से इस कार्यक्रम में भाग लेकर अभिभावकों को प्रेरित कर रहे हैं।

## मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 332 मरीजों की जांच

### 135 का ऑपरेशन के लिए किया चयन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर तारामणी व नौरंगलाल सांखोलिया की पुण्य स्मृति में दिनेश कुमार गौड़, रमेश कुमार गौड़ व परिवार के स्थानीय सौजन्य से अर्जुन क्लब राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ समाज सेवी व पार्षद शोभाकांत स्वामी, दिनेश कुमार गौड़, रमेश कुमार गौड़, धीरज कुमार, सिद्धि गौड, रामलाल भाटी ने फीता काटकर किया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ सोनल अग्रवाल ने 332 मरीजों की जांचकर 135 रोगियों का ऑपरेशन हेतु चयन किया। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि सभी चयनित 135 मरीजों को बस के द्वारा जयपुर ले जाया गया। पिछले कैंप के ऑपरेशन किए 84 मरीजों को नेत्र जांच के बाद चश्मे भेंट किए गए। शिविर को सफल बनाने में लायन अनिल गोयल, लायन सुशील भोजक, मुबारक तुगलक, आसकरण सोनी, डॉ पूनमचंद भाटी, राशिद बेहलीम, महेंद्र निर्वाण, घनश्याम बोचीवाल, देवचंद सोनी, कैलाश भाटी, विजय चौधरी, उमरदीन सैयद, राजकुमार कंदोई, महेन्द्र कम्मा, सुभाष जांगिड, मदन पारीक, संजय सोनी, फूसदास स्वामी, सुमन कंवर, सम्पत शर्मा, गंगाराम सुथार, गिरधारी लाल शर्मा ने शिविर में सहयोग देकर शिविर को सफल बनाया।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने 2554 बच्चों को पिलाई पल्स पोलियों की दवा

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की वैक्सीन पिलाई गई?। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश भूपेश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की वैक्सीन "दो बूंद जिंदगी की" पिलाई। जिसमें ब्लॉक स्तर पर 120 टीमों का गठन किया गया है। नगर पालिका शहर में 29 पोलियो बूथ, चार ट्रांजिट बूथ (जो राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बस स्टैंड, शाकंभरी गेट, घूमचक्कर) सहित 33 बुथ हैं। इन सभी बूथों पर सुपरवाइजर मुरारी लाल छिंपा, सुभाष सैनी, हरि सिंह सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी सुपरवाइजर लगाए गए हैं। साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों व स्वयंसेवकों को पाबंद किया गया है कि 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की वैक्सीन पिलानी है कोई भी बच्चा पोलियो वैक्सीन से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस बूथ पर 2554 बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाई गई। अन्य शेष रहे बच्चों को सोमवार व मंगलवार



को घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी "दो बूंद जिंदगी की पोलियो वैक्सीन पिलाएंगे। सुपरवाइजर मुरारी लाल छीपा ने बताया कि पोलियो बूथ पर सीकर डब्ल्यूएचओ से सुपरवाइजर लक्ष्मण राम की ओर से निरीक्षण किया गया है। नगर पालिका शहर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की मॉनिटरिंग सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अनिमेष गुप्ता की देखरेख में सभी 0-5 वर्ष के बच्चों को स्वास्थ्य कर्मियों व स्वयंसेवकों की ओर से पोलियो वैक्सीन पिलाई जा रही है। कैलाश बबेरवाल ने बताया की नगर पालिका ढ़हर की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 9 बावड़ी में सुपरवाइजर सुभाष सैनी ने बच्चों को पोलियो की वैक्सीन पिलाकर शुभारंभ किया।

## मंडावा विलास होटल का भव्य शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** कस्बे के वार्ड पांच में रविवार को होटल मंडावा विलास का शुभारंभ हुआ। समाजसेवी व गौ सेवक रमेश जोशी की 90 वर्षीय मां कमला देवी ने बहु सरला जोशी की मौजूदगी में फीता काटकर होटल का उद्घाटन किया। विशाल जोशी, विनोद जोशी ने मेहमानों का स्वागत किया। होटल उद्घाटन समारोह में पूर्व पालिका अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, सज्जन लाल मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, अजय कुमार तोलासरिया, राजकुमार बियाला, संत कुमार शर्मा, महेश जोशी, दिनेश धाभाई, मधुसूदन खेमानी, छोटेलाल सैनी, देवी सिंह मील, डॉ राधारमण शर्मा, गोपाल केडिया, किशोर थलिया, संदीप शर्मा, गोविंद जोशी, अरुण दुलड़, पंकज पशुपति शर्मा, रविंद्र शर्मा, किशोर सिंह, रामस्वरूप जोशी, राकेश टेलर, श्रीकांत जोशी सहित कस्बे के कई लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि करीब 150 वर्ष पुरानी इस हवेली का निर्माण 19वीं शताब्दी में किया गया था। इसमें खूबसूरती से नक्काशीदार तोरणद्वार और लकड़ी की खिड़कियां हैं जो राजपूताना युग के पुराने आकर्षण को प्रदर्शित करती हैं। यह दो मंजिला हवेली राजस्थानी संस्कृति और हिंदू



देवताओं की कहानियों, विशेष रूप से भगवान कृष्ण, राधा, भगवान सूर्य और कई अन्य सुंदर चित्रों और चित्रों को दर्शाती है। इसमें एक महाराजा (राजा) की अपनी दाढ़ी (बाहरी दक्षिण दीवार) और भारतीय नंदी को सहलाते हुए एक पेंटिंग है। देवी गंगा, यमुना और सरस्वती एक साथ एक ही चित्र में है। आंतरिक आंगन के पूर्वी प्रवेश द्वार पर दरवाजे के चारों ओर बढ़िया दर्पण और मोज़ेक का काम है। हवेली के दरवाजे, खिड़कियां और खूबसूरत डिजाइन इस अद्भुत हवेली के बारे में खुद बयां करते हैं। अब यह हवेली एक आलीशान होटल में तब्दील हो चुकी है।

## शेखावाटी विश्वविद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने नेशनल जूडो प्रतियोगिता में बनाई जगह

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के तीन खिलाड़ियों ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा के दम पर कानपुर में होने वाली नेशनल जूडो प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। यह सफलता विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश की एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता 2024-25 में हासिल की। इस प्रतियोगिता में शेखावाटी विश्वविद्यालय ने उपविजेता चैंपियनशिप पर कब्जा किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने इस उपलब्धि के लिए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "हमारे खिलाड़ी नेशनल लेवल पर भी यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करेंगे।" खेल प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सौरभ सोनी ने -81 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता, जबकि राहुल ने -100 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इसी के साथ सौरभ, राहुल और राहुल सैनी ने नेशनल जूडो प्रतियोगिता के लिए




क्वालीफाई किया। इस उपलब्धि में विश्वविद्यालय के कोच नूतन कुड़ी की अहम भूमिका रही। उन्हें प्रतियोगिता में 'बेस्ट कोच' का अवार्ड भी प्रदान किया गया। कुलपति सहित विश्वविद्यालय परिवार ने कोच और खिलाड़ियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और नेशनल प्रतियोगिता में उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। यह उपलब्धि न केवल शेखावाटी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि इससे सीकर जिले और राजस्थान का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लिए लगेंगे शिविर

**झालावाड़(निसं.)** ग्रीन एनर्जी का उपयोग करते हुए आमजन के बिजली बिलों को कम करने की पहल को लेकर जयपुर डिस्कॉम की ओर से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए शिविर भी लगाए जाएंगे। झालावाड़ जिले को 6800 कनेक्शन का टारगेट मिला है। इसके चलते निगम की ओर से अब तक 80 कनेक्शन किए जा चुके हैं। जयपुर विद्युत वितरण निगम झालावाड़ के एसई विशम्बर सहाय ने बताया कि प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार की अक्षय ऊर्जा के विकास के क्रम में की गई अनूठी पहल को आगे बढ़ाते हुए विद्युत निगम झालावाड़ की ओर से प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत आमजन के बीच योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने व सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देकर बिजली की खपत व बिजली के बिलों की राशि कम करने के लिए उपभोक्ताओं को अपने परिसरों पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने के लिए जागरूक करने के लिए निगम की ओर से झालावाड़ जिले में एसडीएम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## गौ पालकों को सरकार दे सब्सिडीः सुभाष बैदी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अहिंसा विकास मंच के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि गायों को संरक्षण देने के लिए प्रत्येक गौ पालक व आम नागरिक को घरों में गाय पालने के लिए सब्सिडी दी जाए। बैदी ने बताया कि जब सरकार घरों में शौचालय बनाने के लिए पैसे दे सकती है, तो गौ पालन तो शुरू से ही आरएसएस और भाजपा का मुद्दा रहा है। ऐसे में हर गाय पालने वाले नागरिक को सब्सिडी दी जानी चाहिए, ताकि गौ माता का संरक्षण हो सके। बैदी ने कहा कि दूध व इससे जुड़े उत्पादों को बढावा देते हुए लाखों रोजगार पैदा किए जा सकते हैं। बैदी ने बताया कि जब राजस्थान में 25 सीटें भाजपा की आई थी, तब से प्रदेशवासियों को विशेष दर्जे की उम्मीद थी। इसलिए जल्द ही राजस्थान को विशेष प्रदेश का दर्जा दिया जाए। दूसरी ओर चूरू जिले में इस बार एक भी जनप्रतिनिधि को मंत्री नहीं बनाये जाने पर भी दुःख जाहिर करते हुए बैदी ने कहा कि कम से कम एक जनप्रतिनिधि को चूरू जिले में मंत्री बनाया जाए, ताकि यहां की जनता के काम हो सके और विकास कार्य इस जिले में आगे बढ़ सके। बैदी ने कहा कि जल्द ही प्रदेश व केंद्र के मंत्रियों से मिलकर गौ संरक्षण की मांग प्रत्येक स्तर पर की जाएगी।

## कांवट में प्रतिभा सम्मान समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**कांवट(निसं.)।** कस्बे में नव पल्लवित प्रतिभाओं को निखारने व हौसला अफजाई के लिए विगत 2 वर्षों के सफल आयोजन के पश्चात् तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज किया जाएगा। समारोह बालाजी मैदान गायत्री शक्तिपीठ कांवट में होगा जिसके मुख्य अतिथि कृषि क्षेत्र में पद्म विभूषण जगदीश पारीक जैविक कृषि वैज्ञानिक, नारी शक्ति अर्चना बुगालिया एसडीएम खंडेला, युवा शक्ति कमांडेंट विनय सैनी, मुख्य वक्ता विष्णु पारीक प्रसिद्ध कवि मोटीवेशन स्पीकर व कांवट सरपंच मीना सैनी सहित स्थानीय ग्राम पंचायत बासडी, लोहरवाड़ा, गढभोपजी प्रीतमपुरी, भादवाड़ी, हरजनपुरा, जुगलपुरा, ठीकरिया पंचायतों के सरपंच सहित अनेक लोग व प्रतिभाएं व अभिभावक उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी एडवोकेट मदन मोहन पालिवाल करेंगे। आयोजकों ने बताया कि समारोह की संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विदित रहे कि क्षेत्र की नवपल्लवित प्रतिभाओं की हौंसला अफजाई के लिए पिछले महीने कांवट प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित कर अच्छे अंक प्राप्त प्रतिभाओं का चयन किया गया था। विजेताओं को इस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

## हेरिटेज सिटी में निर्माणाधीन श्री राम मंदिर की 22 जनवरी को होगी प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** शहर में खलासी रोड वार्ड एक स्थित हेरिटेज सिटी में सर्वसमाज की ओर से निर्माणाधीन श्री राम मंदिर में भामाशाह के सहयोग से निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश सैनी ने बताया कि मंदिर निर्माण को लेकर शिलान्यास 12 अक्टूबर को किया गया था। आमजन के सहयोग से मंदिर परिसर में छत का कार्य सुचारू रूप से संपन्न करवा दिया गया है। मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को प्रस्तावित है। मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति तीन फीट हाइट में 17 इंच चौड़ाई की होगी। इसके अलावा मंदिर में माता जानकी व लक्ष्मण की मूर्ति भी साथ में विराजमान होगी। मंदिर समिति के मनोज कुमार, संजीव कुमार, ललित, महेंद्र सहित अनेक भामाशाहों का सहयोग हो रहा ह

## पूर्व पार्षद पारीक ने किया पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निसं.)।** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को शहर के वार्ड नंबर 25 में मारुति बालाजी के पास पल्स पोलियो बूथ पर पूर्व पार्षद सुभाष पारीक की ओर से बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पारीक ने आम नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील करते हुए अभियान को सफल बनाने की बात कही। इस अवसर पर वार्ड नंबर 25 की सहायिका मीनाक्षी पवार व अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

चूरू, सोमवार
9 दिसम्बर, 2024

## समरस सनातन यात्रा के पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निसं.)।** बालाजी गौशाला सालासर में समरस सनातन यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया गया। रविशंकर पुजारी ने बताया कि गीता जयंती पर समरस सनातन यात्रा महंत दिनेश गिरी महाराज के सानिध्य में शेखावाटी के सम्पूर्ण साधु संतो की ओर से समरस व हिन्दुत्व की एकता के भाव से यह यात्रा सम्पूर्ण शेखावाटी क्षेत्र में निकाली जाएगी। 11 दिसम्बर को सुबह 9 बजे सालासर बालाजी गौशाला से बालाजी मंदिर तक सभी साधु संत व सनातनी जाएंगे। इसके बाद बालाजी महाराज के दर्शन कर महाराज की अखंड जोत के साथ यात्रा शुरू होगी जिसका 20 दिसम्बर को सीकर में समापन होगा। इस दौरान गौशालाध्यक्ष रविशंकर पुजारी,, मनोज शर्मा, डॉ. लादूसिंह राव, दक्षवीर पुजारी, श्रवण ढिढारिया, कुम्भाराम ढुकिया, भंवरलाल प्रजापत, हरिश, संदीप दूधवाल, सिद्धार्थ पुजारी, मिथुन पारीक, सूर्यप्रकाश शर्मा, भरत सैन, विकास ढाका सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## भागवत श्रवण से जीवन में मिलती है शांति और आत्मिक उन्नति



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** मावलिया बास स्थित जीण माता मंदिर में चल रही देवी भागवत कथा में वाचक कृष्णानंद महाराज ने बताया कि देवी भागवत कथा सुनना व्यक्ति के जीवन में आत्मिक उन्नति, शांति और संतोष लाता है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि जीवन का एक गहरा मार्गदर्शन है, जो हमें भगवान के प्रति भक्ति और प्रेम से जोड़ता है। भागवत कथा सुनने से व्यक्ति में करुणा, दया और सकारात्मकता का विकास होता है, जिससे जीवन में सुख-शांति और स्थिरता आती है। कृष्णानंद महाराज ने कथा में देवी की ओर से चंड-मुंड के संहार की कथा, जीण माता व हर्ष भैरव नाथ (भाई बहन) की जीवन गाथा का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया की यह कथा न केवल हमारे पापों का नाश करती है, बल्कि हमें एक नए जीवन दृष्टिकोण और मोक्ष की प्राप्ति की ओर प्रेरित करती है। कथा में विधायक पुषाराम गोदारा, रमेशचंद्र इंदौरिया, अरविंद चाकलान, प्रदीप धर्ड, सुरेश मुरारका, विवेक गौड़, गिरधारी बांगड़वा, चरणसिंह कोका, नंदकुमार माटोलीया, नरेंद्र झंवर, इंद्रचंद नोखवाल, रेंवताराम मुंड, किशोरीलाल बील, श्यामसुन्दर जोशी, प्रकाश सोनी, इंद्रचंद धर्ड, हेमंत रुँथला आदि श्रोता उपस्थित रहे।

## समरस सनातन यात्रा 13 को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** शहर के भास्कर भवन में चल रही गीता क्लासेज में सर्वप्रथम पूज्य गुरु हरिशरण महाराज के वर्चुअल सानिध्य में उनके जनक पिताजी महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान महाराज ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए गीता क्लासेज के बच्चों को संबोधित किया और गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संस्कारों का ज्ञान करवाया। गीता क्लासेज की ओर से 13 दिसंबर को समरस सनातन यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने यात्रा में पहुंचने का संकल्प लिया। इस दौरान गीता के 12 अध्याय के पाठ का वाचन किया गया। प्रोग्राम में जनार्दन आचार्य, रक्षा शर्मा, पूनम शर्मा, प्रमोद गौड़, सुरेंद्र शर्मा, महेश शर्मा, मोहित सिंघानिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## अंडरब्रिज की दीवार से टकराई कार, पांच घायल



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** घुमांदा रोड पर रविवार की दोपहर अंडरब्रिज की दीवार से टकराने से कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को निजी साधन से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें बीकानेर रैफर किया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। हैड कांस्टेबल राजेंद्रसिंह ने बताया कि कार में सवार होकर छह लोग सरदारशहर से फतेहपुर जा रहे थे कि घुमांदा रोड पर ऋषिकुल के पास बने अंडरब्रिज की दीवार से कार टकरा गई, जिससे कार में सवार 70 वर्षीय भगवाननाथ पुत्र चंद्रराम राईका निवासी बागडोडा, 54 वर्षीय सादुलसिंह पुत्र भंवरसिंह राजपूत, 25 वर्षीय गौरीशंकर पुत्र भगवाननाथ राईका निवासी बागडोडा तहसील फतेहपुर, 35 वर्षीय सांवरमल पुत्र श्रवणकुमार रेबारी निवासी न्यांगली पुलिस थाना रामगढ़ व 50 वर्षीय रामसिंह पुत्र जवाहरलाल राईका निवासी उगा बास फुलेरा घायल हो गए और चालक के चोट नहीं लगी। घायलों को निजी साधन से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए भगवाननाथ व गौरीशंकर को बीकानेर रैफर कर दिया। घटना को लेकर पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# लोहिया कॉलेज में शुरू हुआ चूरू का ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** ब्लॉक स्तर पर युवा महोत्सव 2024 का भव्य शुभारंभ राजकीय लोहिया महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश सारस्वत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में चूरू के लोकप्रिय विधायक हरलाल सहारण मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वंदना आर्य जिला प्रमुख चूरू, लोहिया कॉलेज की प्राचार्य मंजू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, चूरू प्रधान दीपचंद राहड, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़, चूरू निवासी ट्रेनी उपखंड अधिकारी मुकुल दीक्षित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार सोनी, महोत्सव प्रभारी प्रमेन्द्र शर्मा, महोत्सव सह प्रभारी डॉ कुलदीप सिंह पूनिया, जगदीश खेड़ीवाल, मुकुल भाटी रहे। महोत्सव में पधारे मुख्य अतिथि हरलाल सहारण ने कहा कि युवा महोत्सव कार्यक्रम से राजस्थान की लोक संस्कृति को पुर्नजीवित करने के लिए राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से युवाओं में छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओमप्रकाश सारस्वत ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने हुनर का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने वर्तमान भाजपा सरकार की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रम से युवाओं को आगे बढ़ने का एक आधार मिलता है जिससे राष्ट्रीय स्तर तक ख्याति प्राप्त होती है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़ ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से जीने की कला का प्रदर्शन होता है और युवाओं का सर्वांगीण विकास होता हैं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज के युवाओं की प्रतिभाओं को उपयुक्त मंच प्रदान करने के लिए युवा महोत्सव का शुभारंभ ब्लॉक से जिले, जिले से राज्य स्तर पर किया जा रहा है जिसमें नई प्रतिभाएं उभर कर सामने आएगी। सभी अतिथियों की ओर से चूरू के सीबीईओ कार्यालय के पूर्व कार्मिक मुकुल शर्मा को उपखंड अधिकारी बनने पर साफा व प्रतीक चिन्ह की ओर से सम्मानित किया गया। चूरू ब्लॉक में 767 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए थे। महोत्सव का समापन एडीपीसी समग्र शिक्षा चुरू संतोष महर्षि की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि सभी विजेता जिला स्तर के साथ राज्य स्तर पर चूरू का मान बढ़ाए। प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं के नाम घोषित किए गए जिनमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मानवी शर्मा द्वितीय स्थान पर मेघना पारीक तृतीय स्थान पर ईशा शर्मा कविता प्रतियोगिता में प्रथम दीपक चंदोलिया, द्वितीय दिलशान खान, तृतीय ललित बरोड विज्ञान मेला प्रतियोगिता में प्रथम यश शर्मा, द्वितीय स्थान पियूष, तृतीय स्थान दीपिका व पूजा ने सामूहिक रूप से प्राप्त किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति क्याल, द्वितीय स्थान लक्ष्मी शर्मा, तृतीय स्थान नीतू सामूहिक लोक गायन में प्रथम स्थान रितेश प्रजापत एंड पार्टी द्वितीय स्थान हर्षित सोनी एंड पार्टी तृतीय स्थान वर्षा सैनी एंड पार्टी। वस्त्र कला में प्रथम स्थान दीपिका, द्वितीय स्थान नूरेन बाना और तृतीय स्थान यशवंत जांगिड़ हस्तकला में प्रथम कुमकुम दाधीच, द्वितीय जीना कुमारी मेघवाल तृतीय आरजू हिना। कार्यक्रम के दौरान मुकुल भाटी, बेगराज कस्वां, राजकुमार शर्मा, राजेंद्र चौबे, संतोष खेड़ीवाल, पूनम चोटिया, लक्ष्मी शर्मा, आशा स्वामी, शेर सिंह पुनिया सुशीला, रेनू सूईवाल, शक्ति सिंह, विपुल शर्मा, राजेश चौधरी, नीना भारती ,कपिल वर्मा, महेश शर्मा, रविकांत बेनीवाल, शाकिर खान ,दिलीप कुमार मीणा, अभिलाषा भाटी, प्रभु दयाल सैनी ,बबीता कस्वां, अमर सिंह, राजवीर सिंह, जितेश सोनी, माधुरी शर्मा ,राजेंद्र कुमार शर्मा, धर्मेंद्र सोलंकी, दुष्यंत सिंह, विनीत शर्मा, संदीप, नीतू विजयकांत चोटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा व बजरंग हर्षवाल ने किया।




## विधायक सहारण ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतर्गत रविवार को डीबी अस्पताल के मातृ शिशु विंग में पांच साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की ड्रॉप पिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, बीसीएमएचओ डॉ. जगदीश भाटी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर किया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जिले भर में पल्स पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। अभियान के तहत पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने के लिए बूथ बनाए गए है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि हमें प्रयास करना चाहिए कि पांच साल तक का एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे। अभियान में रविवार को बूथों पर दवा पिलाई गई। इसके बाद डोर टू डोर वंचित रहे बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि भारत के पड़ोसी देशों अफगानिस्तान व पाकिस्तान के अतिरिक्त समस्त विश्व से पोलियो के वायरस का लगभग उन्मूलन हो चुका है। भारत में वर्ष 2014 में पोलियो का उन्मूलन हो चुका है। गत वर्षों से पोलियो रोग का एक भी रोगी नहीं पाया गया है। भारत को पोलियो मुक्त बनाये रखने के लिये 5 वर्ष के सभी बच्चों को एक साथ बूथ पर लाकर दवा पिलाना आवश्यक है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल ने बताया कि डीबी अस्पताल में भी पोलियो की खुराक के लिए बूथ बनाया गया है। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि ईंट-भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों व घुमंतू जातियों के बच्चों को पोलियो की वैक्सीन पिलाई जाए। इस मौके पर वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. इकराम हुसैन, नर्स ग्रेड द्वितीय सुमन रानी बुड़ानिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## महाकुंभ के अन्नक्षेत्र के लिए दानदाताओं से आगे आने की अपील



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आगामी जनवरी माह में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सियाराम बाबा की बगीची में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महंत श्याम सुंदरदास त्यागी महाराज ने बताया कि सुजानगढ़ का पहली बार प्रयागराज के कुंभ में अन्न क्षेत्र अर्थात् भण्डारा लगेगा, यह हमारे लिए काफी गौरव की बात है। श्याम सुंदर दास त्यागी महाराज ने बताया कि इसके लिए श्यामदास महाराज जयपुर की ओर से एक लाख 11 हजार की राशि, राजू जाट की ओर से 1 लाख 21 हजार की राशि, लालनाथ सिद्ध की ओर से 51 हजार की राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार अनेकों भक्तों के गुप्तदान भी आ रहे हैं। सभी भक्तों के सहयोग से प्रयागराज में अन्न क्षेत्र लगाया जाएगा। त्यागी महाराज ने चारधाम की यात्रा करने तथा 1 जनवरी को होने वाले पोषबड़ा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील आम लोगों से की। इस दौरान सुभाष बैदी, अशोक दर्जी, मुरारी गोवला, श्रवण सुरोलिया, दिनेश स्वामी आदि लोग मौजूद रहे।

## खेत में फांसी लगाकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** थाना क्षेत्र के गांव बिनादेसर में मानसिक रूप से परेशान युवक ने खेत में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने रविवार दोपहर शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। राजलदेसर पुलिस थाना में बिनादेसर निवासी सोमदत्त शर्मा ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई अरविन्द (32) उर्फ बाबूलाल तीन-चार महीने से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। अरविन्द शनिवार शाम को घर पर बिना बताए घर से निकल गया था। उसकी गांव में सभी जगह तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। अरविंद ने पास के गांव के खेत में जाकर फांसी लगा ली। शनिवार देर शाम सूचना मिलने पर राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसने परिजनों की सहायता से शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने सोमदत की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर ली। पुलिस ने रविवार दोपहर शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

## जालान क्रिकेट ट्रॉफी को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** स्थानीय समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से 38 वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन 25 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक रघुनाथ विद्यालय के खेल मैदान पर किया जाएगा। संस्थापक निदेशक रघुनंदन धरेंद्र की अध्यक्षता में रैन बसेरा भवन में आयोजित बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता का आयोजन चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्त्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से होगा। प्रतियोगिता में रतनगढ़, चूरू, राजगढ़, फतेहपुर, झुंझुनूं सहित कुल 14 टीमें भाग लेंगी। बैठक में कन्हैयालाल चौमाल व जसकरण गौड़ को आयोजन प्रभारी, राकेश गहलोत व सचिन विरमानी को आयोजन सचिव, राकेश कुमार नायक व देवीसिंह पंवार को संयोजक, त्रिभुवन धरेंद्र व नसीर पठान को कार्यालय प्रभारी, मो इमरान व मोहित सिंह राठौड़ को मैदान प्रभारी का दायित्व दिया गया। प्रतियोगिता फॉर्म जमा कराने की तिथि अंतिम तिथि 20 दिसंबर होगी।

## जिले में 683 यूनिट रक्तदान कर डॉ. जांदू को श्रध्दा सुमन अर्पित

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निसं.)।** शहर के विख्यात चिकित्सक, रक्त क्रांति के अग्रदूत व चिकित्सा के क्षेत्र में अनेक प्रकार के नवाचार करने वाले डॉ. सुनील जांदू की द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को शेखावाटी ब्लड़ बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर का षुभारम्भ डॉ. जांदू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, पंचायत समिति प्रधान दीपचंद राहड़, बीसीएमओ डॉ. जगदीश भाटी, डॉ. उत्तम भाम्भू, डॉ. अहसान गौरी, डॉ. साजिद चौहान, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग, उमाशंकर शर्मा, डॉ. सीताराम गोदारा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. सुनील जांदू ने अनेक नवाचार किए। डॉ. जांदू ने चूरू जिले में हजारों युवाओं को प्रेरित कर रक्तदान शिविरों का आयोजन करवाया। डॉ. जांदू ने चिकित्सा के क्षेत्र में कोरोना महामारी के समय, मीजल्स रूबेला, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हजारों बच्चों का दिल का ऑपरेशन करवाकर अनेक जानें बचाई गई। टीकाकरण के क्षेत्र में अनेकों बार राज्य स्तर पर चूरू को सम्मानित करवाया। प्रधान दीपचंद राहड़ ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के अनेक कार्य करवाए। कार्यक्रम संयोजक हेमंत सिहाग ने बताया कि डॉ. सुनील जांदू की पुण्य स्मृति में जिले के अनेक स्थानों पर युवाओं ने रक्तदान शिविर आयोजित किए। इनके अंतर्गत चूरू के शेखावटी ब्लड सेंटर पर 121 युनिट, तारानगर में 311, राजगढ़ में 251 युनिट सहित जिलेभर में 683 यूनिट रक्तदान हुआ। जिलेभर के युवाओं ने रक्तदान कर डॉ. सुनील जांदू को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विकास मील, सुलतान सिंह जांदू, ओमप्रकाश रणवां, अरविंद बाग, रामनिवास भाम्भू, राकेश मोटसरा, विक्की खान, रोहिताश रणवां, अवनी बाघ, रफीक चौहान, संग्राम सिंह राठौड़, राजेन्द्र कल्ला, राजकुमार पुनिया, अष्वनी बुड़ानिया, महेश ढुकिया, राजेन्द्र बलारा, सोयल खान डीके, तौफीक खान, राजा कस्वां, वाहिद खान, प्रवीण मेघवाल, राजू महला, कनिष्क लाम्बा, गुलजार खान, कपिल जांदू, महेश बिरमसर, किशोर चन्देल सहित अनेक लोगों ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक के संचालक विकास बेनीवाल व विकास मील ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## नवोदय विद्यालय में होगा पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन, तैयारियों को लेकर बैठक

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के जवाहर नवोदय विद्यालय में 1999 बैच के पूर्व विद्यार्थियों की ओर से 15 दिसम्बर को होने वाले पूर्व सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान रविवार को समारोह को सफल बनाने के लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य हरीश मीणा ने बताया कि बैच 1999 के पूर्व विद्यार्थियों की ओर से पूर्व विद्यार्थियों का विशाल सम्मेल होने जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों ने बैठक करते हुए टैंट, भोजन, रहने व वर्तमान में नवोदय में पढाई करने वाले विद्यार्थियों को गिफ्ट देने को लेकर चर्चा की गई है।

## सुरक्षा सखियों का किया विस्तार



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** थाना अधिकारी कमलेश सैनी के सानिध्य में सुरक्षा सखी का विस्तार किया गया। इसके अन्तर्गत रविवार को राजलदेसर थाना में सुरक्षा सखी की बैठक का आयोजन किया गया। थाना अधिकारी ने महिला सुरक्षा की जानकारी दी और बैठक में आई महिलाओं को सुरक्षा सखियों के रूप में थाना क्षेत्र में जोड़ा गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं को राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाया गया और कानून की जानकारी दी। महिला सुरक्षा सखियों में अनीता कांस्टेबल, अनुसूया सोनी, निर्मला बारूपाल, कमला प्रजापत सहित अन्य सुरक्षा सखियां मौजूद रही।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** गनोड़ा रोड़ पर स्थित किस्तूरनाथजी बगीची में भागवत्कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। व्यवस्थापक राजकुमार प्रजापत ने बताया कि कथा शुभारंभ के अवसर पर शिव मंदिर से लेकर कथास्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। डीजे पर चल रहे भजनों के साथ महिलाएं हरीकीर्तन करते हुए सिर पर कलश धारण करते हुए चल रही थी। कालूराम बाबरिया ने बताया कि गणेशाराम बाबरिया अपनी पत्नी गणेशी देवी के साथ कथा को सिर पर धारण किए हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में राजलदेसर के सुरजीत नाथ महाराज, बीनादेसर के किशन नाथ महाराज, दुलदास महाराज, साध्वी गायत्री शंभुगिरी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। भागवत्कथा के प्रथम दिन कथावाचक बुधराम सारस्वत ने भागवत्कथा का महत्व बताते हुए कहा कि इसके श्रवण मात्र से ही पापों का नाश होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पन्नालाल प्रजापत, प्रतापमल, पवन कुमार, सुशील, महावीर, गोपाल, सोहनलाल, सुखाराम, राजकुमार, बुधराम सहित अनेक श्रद्धालु योगदान दे रहे हैं।



## बगीची के सामने अतिक्रमण बना परेशानी का सबब



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सीयाराम बाबा की बगीची के बाहर हाथठेलों का अतिक्रमण होने से परेशानी हो रही है। बगीची के महंत श्याम सुंदर दास त्यागी महाराज ने बताया कि प्रशासन से हमारी मांग है कि अतिक्रमण को हटाया जाए ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बगीची के बाहर हाथ ठेले लगे होने के कारण यहां पर लगी प्याउ तक लोग नहीं पहुंचा पाते और अनेक बार लोगों को बगीची में आने में परेशानी होती है। साथ ही ठेलों के कारण बार-बार ट्रेफिक जाम की समस्या भी सामने आती है, जिसके कारण काफी वायु प्रदूषण फैलता है।

# राजस्थान जयपुर टाइम्स

चूरू, सोमवार
9 दिसम्बर, 2024


## मुरडाकिया गांव में लगी भीषण आग



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निसं.)।** प्रसिद्ध सालासर बालाजी धाम में चढ़ने वाले नारियलों में रविवार को आग लग गई। मुरडाकिया गांव की ये घटना है, जहा पर रविवार दोपहर बाद सालासर मंदिर में चढ़ने वाले नारियल में आग लग गई, गांव के लोगों ने बताया की सालासर मंदिर में चढ़ने वाले नारियलों को मुरडाकिया गांव में जमीदोज किया जाता है, जिसके लिए बड़ा गड्ढा खोदा जाता है, उसमें अचानक भीषण आग लग गई। आग ने धीरे धीरे भीषण रूप ले लिया, सुजानगढ़ नगरपरिषद की दमकल, पानी के टैंकरों, जेसीबी से मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन आग पर काबू पाया नही जा रहा है। सालासर बालाजी मंदिर का प्रबंध करने वाले श्री हनुमान सेवा समिति पर भी अब सवाल खड़े हो रहे है, क्योंकि लाखों नारियलों को एक जगह रखने वाली जगह पर आग बुझाने के लिए किसी प्रकार का कोई प्रबंध नहीं था, ना ही उस जगह की कोई देखभाल करने के लिए मौके पर मौजूद रहा।

## पिकअप व कैंपर की भिड़ंत, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

जयपुर टाइम्स



**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती इंद्रपुरा नर्सरी के पास झुंझुनू स्टेट हाईवे पर रविवार की सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां इंद्रपुरा नर्सरी पेट्रोल पंप के पास पिकअप व कैंपर गाड़ी की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से 108 चालक भीम व ईएमटी राकेश ने उदयपुरवाटी सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर सीकर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार पिकअप उदयपुरवाटी नई सब्जी मंडी से मंडी का सामान लेकर गुढ़ागौड़जी की तरफ जा रही थी। झुंझुनू की तरफ सामने से आ रही तेज रफ्तार कैंपर गाड़ी व पिकअप की भिड़ंत में कैंपर सवार अनूप पुत्र राजेंद्र धोलाखेड़ा गंभीर घायल हो गया जिनकों सीकर रैफर किया गया। उदयपुरवाटी मंडी से सामान लेकर जा रहे हैं पिकअप सवार पंकज सैनी पुत्र मनोज सैनी सीकर, सूरज कुमार पुत्र रामावतार उदयपुरवाटी तीसरा अन्य व्यक्ति को हल्की चोटें आई हैं। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

## विवाहित महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र के बागोली गांव में एक विवाहित महिला की संदीप स्थिति में मौत का मामला सामने आया है। पीहर पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक महिला के भाई कमलेश सैनी ने सक जाहिर करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। मृतक महिला सुनीता देवी के भाई ने बताया कि सूचना पर हम पुलिस को साथ लेकर घटना स्थल पर पहुंचे थे, जहां पुलिस की मौजूदगी में जायजा लिया। महिला का पति नासिक में टाइल मार्बल का मजदूरी का काम करता है, महिला के तीन बच्चे हैं। मृतक महिला के भाई कमलेश कुमार सैनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर विधायक भगवानाराम सैनी भी पहुंचे।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े कल झुंझुनूं आएंगे



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागड़े मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनू आएंगे। राज्यपाल सुबह 9 बजे रानी शक्ति मंदिर पहुंचेंगे। यहां से वे दोपहर 12.45 बजे झुंझुनूं शहर में मंजू लता मील के निवास स्थान पर जाएंगे। इसके बाद राज्यपाल दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस में लंच करेंगे। दोपहर 3.00 बजे वे जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि शाम 4.30 बजे राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े झुंझुनूं से जयपुर के लिए रवाना होंगे। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने इस संबंध में रविवार शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य और एएसपी देवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

### दुनिया में एक मिसाल है चूरू का सांप्रदायिक सदभाव

# मुस्लिमों समाज की ओर से आयोजित दीवाली स्नेह मिलन में जुटे विभिन्न धर्म-संप्रदायों के लोग

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निसं.)।** जिला मुख्यालय के वार्ड 58 स्थित ईदगाह मोहल्ला में ईदगाह वेलफेयर सोसायटी की ओर से कोटड़ी रिसालदारान में रियाजत अली खान व मुस्लिम समाज की ओर से भव्य सामाजिक सरोकार व सामाजिक समरसता की भावना के साथ दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सांप्रदायिक सद्भाव के लिए मशहूर चूरू में शनिवार को अनूठा नजारा देखने को मिला, जब मुस्लिम भाइयों की ओर से आयोजित दिवाली स्नेह मिलन में जुटे विभिन्न धर्म-संप्रदायों से जुड़े लोगों ने जोश-खरोश से शिरकत की और एक-दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दी। समारोह की अध्यक्षता युग निर्माण योजना के संयोजक रामसिंह राठौड़ ने की। समारोह के विषिष्ट अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण, फतेहपुर विधायक हाकम अली खान, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बंसत शर्मा, राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण, सुजानगढ़ सभापति पूर्व प्रतिनिधि इद्रीश गौरी, मौलाना अनिश रजा, मंगतु राम चोटिया, डॉ. मुरलीधर चौधरी, समाजसेवी महेंद्र चौबे, बंजरग सैन, उमाशंकर शर्मा, हनिफ खान नसवाण व नवाब खां जोईया रहे। इस अवसर पर डॉ. दुलाराम सहारण ने कहा कि चूरू में जिस तरह का सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक सौहार्द है, उससे शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में बहुत मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारे और परस्पर सामंजस्य में संबल मिलता है। मौलाना अनीस रजा ने कहा कि दुनियाभर की बांटने वाली ताकतें देश के माहौल को खराब करने में जुटी हुई है, लेकिन हम भारत के सद्भावी लोग कभी माहौल खराब होने नहीं देंगे। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि यह सियासत की नहीं, फकीरों की धरती है, जहां मोहब्बत पलती है। है। भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भले ही पूरी दुनिया में घूम आओ, चूरू आने के बाद जो सुकून मिलता है, वह कहीं भी नहीं है। इसके पीछे चूरू के लोगों का प्रेम और उनकी मिली-जुली संस्कृति ही है। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू में रहकर खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि यहां कभी भी सांप्रदायिक माहौल खराब नहीं हुआ और यदि किसी प्रकार की घटना हुई भी तो यहां के लोगों ने समझदारी से उसे निपटाया। फतेहपुर विधायक हाकम अली ने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे को बढाने वाले ऐसे प्रोग्राम देखकर बहुत खुशी होती है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर रहेंगे तो कोई भी ताकत हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकती है। विधायक मनोज मेघवाल ने चूरू के भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा कि हिंदुस्तान की धरती ने हमेशा नफरत फैलाने वाले और बांटने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे रामसिंह राठौड़ ने कहा कि कोई भी मजहब आपस में बैर रखना नहीं सिखाता है। उन्होंने कहा की हर वर्ष यह स्नेह मिलन कार्यक्रम किया जाता है, यह चूरू की एक जोरदार पहचान को पेश करता है। चूरू की यह पहल दूसरे सभी लोगों के लिए एक उदाहरण है। इस अवसर पर शायद अब्दुल मन्नान मजहर चूरूवी, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, जावेद बेहलीम, शफी खान टीटी आदि ने भी सम्बोधित किया। समारोह में चूरू फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष शकील दुर्रानी, इस्माइल खान, असलम भाटी भालेरी, मुबारक अली भाटी, सिराज जोईया, डॉ. पुष्पा खारड़िया, अब्दुल सत्तार खोकर, ज्योति सिंह, हाजी अली मोहम्मद खान, महेश शर्मा, दानिश खान, महेन्द्र सिहाग, इमरान अंसारी, मुस्लिम भाटी, निसार खान, हमीद खान, इमरान खान, अरविंद शर्मा, एहसान खान, रिजवान खान, जावेद खान, आसिफ खान, महबूब खान, अजीज खान, टीपू खान, गुफरान, अब्बास अगवान, अख्तर खान, आबिद खान मोयल, गोपी शर्मा, मुराद अली, अहमद खोकर, एहसान खान सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शायर इद्रीश राज चूरूवी ने किया। कार्यक्रम संयोजक रियाजत अली खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्याय टेबल पर समझाइश से होगा विवादों का निस्तारण

### उपभोक्ता आयोग में कल से लगेंगे प्री-काउंसलिंग कैंप

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के झुंझुनूं, सीकर व चूरू कार्यालय में सोमवार से प्री-काउंसलिंग की शुरुआत होगी। इसके तहत लगने शिविरों में लम्बित प्रकरणों व प्री-लिटिगेशन के प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाएगा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं में सहायक प्रशासनिक अधिकारी सीताराम स्वामी ने बताया कि इस वर्ष की अंतिम चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील के मार्गदर्शन में दोनों पक्षों के साथ न्याय टेबल पर समझाइश की जाएगी। लोक अदालत की पवित्र भावना से प्रकरणों का निपटारा करवा कर दोनों पक्ष राहत प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता आयोग झुंझुनूं, सीकर व चूरू में 9 दिसम्बर से ही उपभोक्ताओं एवं सेवा प्रदाताओं को न्याय टेबल पर त्वरित न्याय पाने का अवसर मिलेगा। इसके लिए उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने नवाचार करते हुए पूरे सप्ताह प्री-काउंसलिंग शिविर चलाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई है। उपभोक्ता आयोग सीकर में सदस्य मोहम्मद शाकिर व सदस्या ज्योति जोशी के नेतृत्व में प्री-काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार सोनी, गोपीराम जाट, भागीरथ सिंह, राकेश मूंड और चूरू आयोग में सदस्य सुभाषचंद्र व सदस्या संतोष मासूम के नेतृत्व में भीमसिंह राजपुरोहित, अमित कुमार, पवन प्रजापत, तरुण कुमार, सचिन लंबित प्रकरणों का निस्तारण करेंगे।

## भागवत कथा को लेकर बैठक, कथा के पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के ताल मैदान में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा को लेकर रविवार को महेश्वरी भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा में मौजूद व्यक्तियों की ओर से कथा के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। बैठक में श्रीमद् भागवत कथा को लेकर रूपरेखा तैयार की गई और अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर समाजसेवी दीपू जेसनसरिया ने बताया कि इस कथा करवाने का मुख्य उद्देश्य गायों की सेवा करना है। इस कथा के दौरान जो भी चंदा एकत्रित होगा वह जैतासर गांव में संचालित गौ चिकित्सालय में खर्च किया जाएगा। समाजसेवी गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि पिछले काफी वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग थी कि बाल संत श्री भोले बाबा की कथा का आयोजन करवाया जाए। क्योंकि सन 2015 के बाद बाल संत भोले बाबा की कथा का आयोजन नहीं किया गया था। उसी को देखते हुए गौ सेवार्थ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक होगा। उन्होंने कहा कि प्रचार प्रसार, कलश यात्रा, आवास व्यवस्था, टेंट व्यवस्था सहित तमाम व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का समय दोपहर सवा 12 बजे से शाम सवा 4 बजे तक रहेगा। बाल संत भोले बाबा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे।

## सरदारशहर की बेटी सूर्यांशी शेखावत ने जीता टेनिस में गोल्ड मैडल

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसजीएफआई नेशनल टेनिस गर्ल्स टूर्नामेंट अंडर 17 में राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक जीता हैं। पूरे देश की 26 टीम व 122 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने अजमेर आये थे। राजस्थान की प्रथम वरीयता प्राप्त खिलाडी सरदारशहर की सूर्यांशी शेखावत ने अपने से वरिष्ठ व अनुभवी खिलाडियों के सामने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह जीत हासिल की। इसके साथ ही एकल प्रतिस्पर्धा में भी सूर्यांशी शेखावत ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही सूर्यांशी का चयन खेलो इंडिया मे भी हो गया है। उल्लेखनीय है कि सूर्यांशी सरदारशहर के वरिष्ठ अधिवक्ता बहादुर सिंह शेखावत की पोत्री एवं जितेन्द्र सिंह शेखावत की पुत्री है। खेल में शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत के साथ ही क्षेत्र के लोगों ने सूर्यांशी के परिवारजनों व सूर्यांशी को बधाइयाँ देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल की बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के वाल्मीकि बस्ती स्थित बाबा रामदेव जी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक समरसता हिंदू समाज के संगठन व राष्ट्र धर्म संस्कृति के लिए योगदान देने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। बैठक में इंटरनेशनल थ्रू शूटिंग बॉल प्रतियोगिता जो की कंबोडिया में आयोजित हुई। उसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय बिटिया ममता रेगर की ओर से गोल्ड मेडल प्राप्त किया उनके पिताजी पप्पू राम रेगर का भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। बैठक में आगामी गीता जयंती 11 दिसंबर को महर्षि वाल्मीकि जी के मंदिर में विशाल शौर्य दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य भी लिया गया। आगामी 13 दिसंबर को विभाग बैठक सीकर में केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन का सानिध्य प्राप्त होगा। बैठक में सरदारशहर से सैकड़ो कार्यकर्ता सीकर जाएंगे। बैठक को गजानंद विभाग मंत्री, हरीश जांगिड़ खंड बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राहुल सोनी जिला सहसंयोजक बजरंग दल, जितेंद्र वाल्मीकि अध्यक्ष वाल्मीकि बस्ती, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। बैठक का संचालन रोहिताश प्रखंड मंत्री ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रखंड मंत्री भानीपुरा डॉ धर्मपाल स्वामी, गौरव भोजक, योगेश राव पूर्वा शर्मा, चंद्रप्रकाश सोनी, हेमन्त रजनीवाल, बृजमोहन सोनी, रितेश चौहान, सुशील कुमार सैनी, भवानी शंकर शर्मा, पंकज सेन, मनुज निर्वाण, सुजीत रेगर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान के तहत रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को बूथों पर बाईवेलेंट ओरल पोलियो वैक्सीन की 2 बूँदें पिलाई गई। अभियान का जिला स्तरीय उद्घाटन एसडीएम जिला अस्पताल के पोलियो बूथ पर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की ओर से बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया गया। उन्होंने देश के सुरक्षित और मजबूत भविष्य के लिए शत-प्रतिशत नौनिहालों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने का आह्वान किया। साथ ही सभी सहयोगी संस्थाओं से सक्रिय योगदान की अपील की। उन्होंने जिले का एक भी बच्चा दवा से वंचित न रहे इसके लिए पुख्ता प्रबंध और मॉनिटरिंग के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष, अभियान के नोडल अधिकारी आरसीएचओ डॉ मुकेश जनागल, दुर्गा शंकर व्यास, डॉ. प्रवीण चतुर्वेदी सहित रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई। सीएमएचओ डॉ.गुप्ता ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले भर के शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में मिलाकर 1,662 बूथ बनाए गए हैं। जहां 6,000 वैक्सीनेटर तैनात किए गए हैं। ताकि आमजन को घर के नजदीक ही दवा पिलाने की सुविधा मिल सके। भारत 2014 में ही पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है लेकिन पड़ोसी देशों में अब भी वायरस मौजूद है, ऐसे में हर बार पोलियो खुराक देनी आवश्यक है।

### ऊंट के मुंह में जीरा

# सवा लाख किसानों ने कराया बीमा, क्लेम सिर्फ 35 हजार को मिला

### 54.54 करोड़ रुपए किसानों के खातों में भुगतान करने का दावा; 6.46 करोड़ का भुगतान बकाया

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)।** मौसम की मार से जिले के किसानों की खराब हुई फसल का बीमा क्लेम जारी कर दिया गया है। लेकिन लंबे इंतजार के बाद जारी हुआ बीमा क्लेम ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत को साबित कर रहा है। रबी फसल 2023-24 में जिले के सवा लाख के करीब किसानों ने बीमा कराया था। जबकि महज 35 हजार 213 किसानों को क्लेम जारी किया गया है। इन किसानों को 61 करोड़ रुपए का फसल नुकसान का मुआवजा मिलेगा। जबकि बीमा कंपनी को केंद्र, राज्य सरकार और किसानों की ओर से 76.51 करोड़ रुपए की प्रीमियम राशि मिली है। किसानों को 61 करोड़ रुपए देने के बाद भी कंपनी के हिस्से में 15.51 करोड़ रुपए बचते हैं।कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पीसी बुनकर ने बताया- रबी फसल 2023-24 के हुए नुकसान का बीमा क्लेम जारी कर दिया गया है। 54.54 करोड़ रुपए के क्लेम का भुगतान कर दिया गया है। जबकि कुल 61 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना है। जिन किसानों के खातों में क्लेम राशि नहीं आई है, उनमें भी जल्द ही आ जाएगी।

### किसानों के खातों में 54.54 करोड़ जमा

बीमा कंपनी की ओर से जारी किए गए 61 करोड़ रुपए के बीमा क्लेम में से 54.54 करोड़ रुपए फसल नुकसान होने वाले किसानों के खातों में डाल दिए गए हैं। जबकि 6.46 करोड़ रुपए अभी किसानों के खातों में डाले जाने बकाया हैं। बीमा कंपनी की ओर से नुकसान के दायरे में माने जाने वाले 35213 किसानों में से अब भी ऐसे किसान हैं जिनके खाते में बीमा क्लेम की राशि नहीं आई है। जिले में अगर रबी फसल में सौ फीसदी खराबा होता तो किसानों को बीमा कंपनी की ओर से 1134 करोड़ रुपए का क्लेम मिलता। सौ फीसदी नुकसान पर कुल किसानों की बीमित राशि 1134 करोड़ रुपए होती। बीमा कंपनी ने जिले में एक लाख 38 हजार 374 हैक्टेयर फसल का बीमा किया।

रबी फसल 2023-24
कुल बीमित फसल पॉलिसी संख्या-5.39 लाख
किसानों की संख्या-1.18 लाख से अधिक
क्षेत्रफल हैक्टेयर में-138374
किसानों का प्रीमियम-17.76 करोड़
बीमा कंपनी को दी गई प्रीमियम राशि-76.51 करोड़
किसानों को मिलेगा-61.0 करोड़
लाभान्वित किसानों की संख्या-35213
अब तक किसानों को क्लेम मिला-54.54 करोड़


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं पवन शर्मा मंदीर मार्ग पूरानी सडक चूरू, -331001 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।